संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -325 गुरूवार ,28 सितम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सरकारी बंगले के खर्चे की जांच करेगी सीबीआई



## सीबीआई ने मांगे सीएम आवास नवीनीकरण में अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेज

» पीडब्ल्यूडी को भेजे पत्र में तीन अक्टूबर तक सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा

**नई दिल्ली,27 सितम्बर 2023(ए) ।** मुख्यमंत्री आवास में हुए निर्माण (नवीनीकरण) में कथित अनियमितता की जांच मामले में नया मोड़ सामने आ गया है। इस मामले में अब सीबीआई जांच करने जा रही है। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने इस मामले में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी,) को पत्र लिखकर इससे संबंधित सभी दस्तावेज मांगे हैं।

पीडब्ल्यूडी से ये सभी दस्तावेज तीन अक्टूबर तक हर हाल में सीबीआई मुख्यालय में पहुंचाने के लिए अधिकारियों से कहा है। सीबीआई का यह पत्र मंगलवार को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को प्राप्त हुआ है। सीबीआइ ने इस बारे में पीई (प्राथमिक जांच) दर्ज की है।

### पीडब्ल्यूडी से संज्ञान लेने को कहा

पत्र में पीडब्ल्यूडी से कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास में हुए निर्माण (नवीनीकरण) में अनियमितता की जांच मामले में दर्ज की गई पीई का संज्ञान लें। इसे लेकर सरकार के अज्ञात लोगों और लोक सेवक के खिलाफ दर्ज प्रमुख अनियमितताओं और कदाचार के आरोप मामले में दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से 6-फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास में अतिरिक्त निर्माण से संबंधित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की सिफारिश व अनुमोदन वाली रिकार्ड नोट-शीट मांगी है।

### कई जानकारी मांगी गईं

निविदा जारी करने की सूचना (एनआईटी) में मुख्यमंत्री के आवास में परिवर्तन के संबंध में समय-समय पर सूचनाएं जारी करने की जानकारी मांगी है। आवास में परिवर्तन के संबंध में बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत की गई बोलियां की जानकारी मांगी गई है।
आवास में अतिरिक्त कार्य सहित परिवर्तन के संबंध में क्लाइंट द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव की जानकारी मांगी गई है। भवन योजना में परिवर्तन के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन की जानकारी मांगी गई है।

### किचन,मार्बल फ्लोरिंग से लेकर मांगी इन चीजों की जानकारी

मॉड्यूलर किचन, मार्बल फ्लोरिंग, बेहतर लकड़ी की अलमारी, आंतरिक कलात्मक कार्य और सजावटी कार्य आदि सहित बेहतर विशिष्टताओं के कार्य निष्पादित करने के लिए क्लाइंट के अनुरोध की जानकारी देने के लिए कहा गया है। इसके अलावा इन आइटमों की सुपर स्पेसिफिकेशन, गुणवत्ता के संबंध में सीपीडब्ल्यूडी आदि के दिशानिर्देश भी मांगे गए हैं।

### सिविल-इलेक्ट्रिक से संबंधित सामान की मांगी जानकारी

इसी तरह सिविल के साथ इलेक्ट्रिकल से संबंधित कार्यों की जानकारी मांगी गई है। चालू अनुबंध में ठेकेदार को अतिरिक्त कार्य सौंपने के लिए दिशानिर्देश और ऐसी वस्तुओं की कीमतें तय करने की क्या व्यवस्था रही है। कार्य के स्वीकृत दायरे में बदलाव के संबंध में दिशा-निर्देश की जानकारी देने के लिए कहा गया है।
कोटेशन एकत्रित करने से संबंधित सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी मैनुअल के दिशानिर्देश। पीडब्ल्यूडी द्वारा सलाहकार को किए गए भुगतान के दस्तावेज। एक एक आइटम की कीमत अनुमान से अधिक होने पर दिशानिर्देशों के साथ अनुबंध प्रदान करने की जानकारी मांगी गई है।ठेकेदार को किए गए भुगतान के दस्तावेज़ मांगे गए हैं।

## चांद और सूरज के बाद अब 'शुक्र' पर फतेह की तैयारी

### इसरो चीफ ने बताया प्लान

**नई दिल्ली ,27 सितम्बर 2023(ए) ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सौर मंडल के सबसे चमकीले ग्रह शुक्र के लिए मिशन पहले से ही कॉन्फ़िगर किया जा चुका है और भविष्य के उद्देश्य के लिए पेलोड विकसित किए गए हैं। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्पनात्मक चरण में हमारे पास बहुत सारे मिशन हैं।



इसरो अध्यक्ष ने आगे कहा कि शुक्र एक दिलचस्प ग्रह है और इसकी खोज से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में कुछ सवालों के जवाब देने में मदद मिलेगी। इसका भी एक माहौल है। इसका वातावरण बहुत सघन है। वायुमंडलीय दबाव पृथ्वी से 100 गुना अधिक है और यह अम्लों से भरा है। आप सतह में प्रवेश नहीं कर सकते। आप नहीं जानते कि इसकी सतह कठोर है या नहीं। शुक्र सूर्य से दूसरा ग्रह है और पृथ्वी का निकटतम पड़ोसी ग्रह है. यह चार आंतरिक, स्थलीय (या चट्टानी) ग्रहों में से एक है, और इसे अक्सर पृथ्वी का जुड़वां कहा जाता है क्योंकि यह आकार और घनत्व में समान है.

# मनीष कश्यप ने कहाःफौजी का बेटा हूं,चारा चोर का नहीं

» पेशी के दौरान मनीष कश्यप ने लालू परिवार को ललकारा

» और इधर 4 पुलिस वाले हुए सस्पेंड

» यू-ट्यूबर मनीष कश्यप पर फिर मामला हुआ दर्ज

**पटना,27 सितम्बर 2023 (ए)।** मनीष कश्यप को पेशी के लिए लाया गया था। इस दौरान मीडिया से बातचीत का एक वीडियो सामने आया, जिसमे मनीष ने कहा ङ्क 6 महीने से चुप थाज्फौजी का बेटा हूं, चारा चोर का नहीं; पेशी के दौरान मनीष कश्यप ने लालू परिवार को ललकारा। इस मामले में अदालत में पेशी के दौरान मीडिया से बात करने की अनुमति देने को लेकर एक सहायक अवर निरीक्षक सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने मीडिया को इसके बारे में जानकारी दी। एसएसपी ने कहा कि इस संबंध में कश्यप के खिलाफ पटना के पीरबहोर थाने में मामला भी दर्ज किया गया है।

### मीडिया से बातचीत करने की दी गई थी अनुमति

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि इन पुलिसकर्मियों के निलंबन का निर्णय उन वीडियो की जांच के बाद लिया गया जिसमें मनीष कश्यप को 22 सितंबर को अदालत में पेश किए



जाने के दौरान मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत करते देखा गया था। यह उन पुलिसकर्मियों की गंभीर चूक है जो एस्कॉर्ट टीम में शामिल थे। एसएसपी ने कहा चार पुलिसकर्मियों को कर्तव्य में लापरवाही के लिए निलंबित किया गया है। अदालत में पेशी के दौरान मनीष कश्यप को मीडियाकर्मियों से बातचीत करने की अनुमति दी गई थी।

### व्हीसी के जरिये पेशी कराने का प्रयास

एसएसपी ने कहा कि बेउर जेल अधीक्षक को मामले की सुनवाई के दौरान कश्यप को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश करने की व्यवस्था के लिए पत्र लिखा गया है।

### कई गंभीर आरोप लगाए थे मनीष कश्यप ने

मनीष कश्यप ने पेशी के दौरान मीडिया से बातचीत में गंभीर आरोप लगाए थे। मनीष ने कहा था कि एक कैदी गाड़ी में 60 से 65 लोगों को भरकर लाया जाता है। हाजत में कैदी गांजा पीते हैं। मुंह पर धुआं छोड़ते हैं। उन्हीं लोगों के बीच रखा जाता है। मनीष कश्यप ने कहा था कि हम जानते हैं कि इतना बोलने पर हम पर एक बार फिर केस दर्ज होगा, लेकिन हम नहीं डरते हैं, क्योंकि मैं चारा चोर का बेटा नहीं हूं। हम अपनी आवाज को हमेशा बुलंद रखेंगे और अपनी आवाज को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। हम फौजी के बेटा हैं, हम डरने वाले नहीं हैं।

### फर्जी वीडियो के मामले में जेल में हैं बंद

बता दें कि कश्यप को इस साल मार्च में तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों पर हमलों के फर्जी वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दक्षिणी राज्य की एक जेल में महीनों बंद रहने के बाद वह वर्तमान में पटना की बेउर जेल में न्यायिक हिरासत में वह बंद हैं।
इस वाकये के दौरान मनीष कश्यप अपनी मां से भी मिले और गले लगते भावुक हो गए। और कहा कि मर जाऊंगा मगर झुकूंगा नहीं। जिस दिन जेल से निकलूंगा उस दिन लाखों मां के आंखों से आंसू पोछूंगा।

## जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में हुआ जोरदार धमाका

» 8 मजदूर घायल;पुलिस ने आतंकी घटना से किया इनकार

**श्रीनगर,27 सितम्बर 2023(ए) ।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कम से कम आठ मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को कहा कि इस मामले में कोई आतंकी हाथ नहीं है।
अनंतनाग में सीमेंट मिक्स सेट करने वाली वाइब्रेशन मशीन में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में किसी भी आतंकी संबंध से इनकार किया है।पुलिस ने कहा, लारकीपोरा अनंतनाग में मजदूरों के साथ लोड कैरियर में ले जाए जा रहे सीमेंट मिक्स सेटलिंग वाइब्रेशन मशीन में विस्फोट हो गया। जलने से घायल हुए आठ मजदूरों का



अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि सभी घायलों की हालत स्थिर है और यह कोई आतंकवादी घटना नहीं थी।

# खालिस्तानियों और गैंगस्टर्स पर एनआईए का बड़ा एक्शन

» 6 राज्यों में 51 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

**नई दिल्ली,27 सितम्बर 2023(ए) ।** गैंगस्टर और खालिस्तानी गठजोड़ के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर में एक साथ में करीब 51 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जांच एजेंसी को पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में छिपकर बैठे गैंगस्टर्स के संबंध सीमा पार के आतंकियों के साथ होने के सबूत मिले हैं।बताया जा रहा है कि सबसे ज्यादा पंजाब में 30 जगहों पर एनआईए की टीम मौजूद है। इसके अलावा राजस्थान में 13,




हरियाणा में 4, उत्तराखंड में 2, दिल्ली-एनसीआर और यूपी में 1-1 जगह छापेमारी की जा रही है। गैंगस्टर - खालिस्तानियों की इसी फंडिंग चेन को खत्म करने के लिए एनआईए का एक्शन जारी है।बात दें कि एनआईए आतंकियों, गैंगस्टर और ड्रग्स डीलर के बीच के गठजोड़ को खत्म करने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। एनआईए की ये कार्रवाई ऐसे वक्त पर हो रही है, जब खालिस्तान के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच लगातार संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

## शादी समारोह में लगी भीषण आग

### दूल्हा-दुल्हन समेत 114 लोगों की मौत, 200 से अधिक घायल

**नई दिल्ली,27 सितम्बर 2023(ए)।** इराक के उत्तरी इलाके में स्थित निनेवेह के अल-हमदानिया शहर में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां विवाह हॉल में आग लगने से दूल्हा-दुल्हन समेत 114 लोगों की मौत हो गई। वहीं 200 से अधिक घायल हो गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती



कराया गया है। इनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा इतना दर्दनाक था कि समारोह स्थाल में हर तरफ लोगों के जले हुए शव दिखाई दे रहे थे। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल-जुबौरी ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रांतीय राजधानी मोसुल से 35 किमी दक्षिण-पूर्व में अल-हमदानिया शहर में अल-हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई। कहा जा रहा है कि, जश्न के दौरान आतिशबाजी की गई होगी, जिससे आग लग सकती है। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

## खड़गे ने मोदी के मणिपुर न जाने पर उठाए सवाल

» महिलाओं,बच्चों के खिलाफ हिंसा को बनाया गया हथियार

**नई दिल्ली,27 सितम्बर 2023(ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि यह स्पष्ट है कि मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को हथियार बनाया गया है। उन्होंने पिछले 147 दिन से हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया। राज्य सभा सांसद ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को तत्काल हटाने की भी मांग की।
खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 147 दिन से मणिपुर के लोग पीड़ित हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पास राज्य का दौरा करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, इस हिंसा में छात्रों को निशाना बनाए जाने की भयावह तस्वीरों ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। अब यह स्पष्ट है कि इस संघर्ष में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को हथियार बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि खूबसूरत राज्य मणिपुर को भाजपा के कारण युद्धक्षेत्र में



बदल दिया गया है।
खड़गे ने कहा, अब समय आ गया है कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के अक्षम मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें। आगे की किसी भी उथल-पुथल को नियंत्रित करने के लिए यह पहला कदम होगा। उनकी यह टिप्पणी मंगलवार को दो युवा छात्रों की हत्या की खबर सामने आने के बाद आई है। मणिपुर सरकार ने कहा कि उसने दो युवा छात्रों की हत्या का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया है। सुरक्षा बलों ने भी अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।
मुख्यमंत्री सचिवालय के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के संज्ञान में आया है कि पीड़ितों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनकी पहचान फिजाम हेमजीत (20) और हिजाम लिनथोइंगंबी (17) के रूप में हुई है। दोनों जुलाई से लापता थे। दो छात्रों की हत्या के बाद पूर्वोत्तर राज्य में छात्रों ने बड़े पैमाने पर आंदोलन किया। राज्य सरकार ने भी इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के महज चार दिन बाद मंगलवार से एक अक्टूबर तक पांच दिनों के लिए फिर निलंबित कर दीं।

## दरिंदगी का शिकार बनी बच्ची

### बिना कपड़ों के सड़कों पर ढाई घंटे घूमती रही

**उज्जैन,27 सितम्बर 2023(ए) ।** यहां एक बच्ची से हैवानियत का मामला सामने आया है। मेडिकल में रेप की पुष्टि होने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बच्ची को इलाज के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने के बाद उसे डॉक्टरों ने इंदौर रेफर कर दिया। बच्ची की हालत में सुधार नहीं होने पर पुलिसकर्मियों ने अपना खून देकर मदद भी की, लेकिन उसके प्राइवेट पार्ट्स को अधिक नुकसान पहुंचने के कारण खून बहुत बह चुका था। बालिका ढाई घंटे तक अर्ध अवस्था में एक कॉलोनी से दूसरे कॉलोनी तक भटकती रही। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि कुछ लोग उसे भटकते हुए देखते हैं लेकिन मदद के लिए आगे नहीं आते। अधिक खून बह जाने की वजह से उसकी स्थिति नाजुक हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज में एक ऑटो रिक्शा हाटकेश्वर मार्ग पर दिखाई दिया है, जिसमें एक व्यक्ति भी पीड़िता के साथ दिखा है। फुटेज की मदद से पुलिस ने मंगलवार रात को ऑटोवाले को खोज निकाला। हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।



सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला कि बच्ची नीलगंगा थाना क्षेत्र में सिंहस्थ बायपास के सांवराखेड़ी मार्ग, तिरूपति ड्रीम्स, हाटकेश्वर विहार कॉलोनी समेत चिंतामण ब्रिज मार्ग पर घूमती रही।

# स्टेशन पर पटरी छोड़कर प्लेटफॉर्म पर चढ़ गई ईएमयू ट्रेन

**मथुरा,27 सितम्बर 2023(ए) ।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में रेलवे स्टेशन पर ट्रेन हादसा हो गया। मथुरा जंक्शन पर पहुंची शकूरबस्ती-मथुरा ईएमयू ट्रेन यात्रियों को उतारने के लिए रुकी। फिर चंद सेकंड बाद अचानक तेजी से चल पड़ी और प्लेटफॉर्म पर चढ़ गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि, लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। खबरों की मानें तो इस हादसे में एक यात्री घायल हुआ है। हालांकि, अभी तक इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। मथुरा रेलवे स्टेशन के निदेशक एसके श्रीवास्तव ने बताया कि ये ट्रेन शकूरबस्ती से आती है। सब यात्री उतर गए थे,




लेकिन ट्रेन प्लेटफार्म पर कैसे चढ़ी। इसकी जांच की जा रही है। इसकी वजह से प्लेटफॉर्म पर आने वाली ट्रेन प्रभावित हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 10 बजकर 55 मिनट पर लोको पायलट इंजन को बंद कर ट्रेन को खड़ी कर रहा था। इसके बाद अचानक से ट्रेन स्टॉपर को तोड़ती हुई प्लेटफार्म पर चढ़ गई। कहा जा रहा है कि ट्रेन को प्लेटफार्म पर चढ़ता देख वहां के यात्रियों में भगदड़ मच गई। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर चढ़ी तो कुछ दूरी पर ओएचई लाइन का पोल लगा हुआ था। इससे टकरा कर ट्रेन क्षतिग्रस्त हो गई और रूक गई। कहा जा रहा है कि ये एक बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल, इस हादसे में कोई हताहत की खबर नहीं है।

## भारतीय अधिकारियों से बचने के लिए कैलिफोर्निया में शरण लेने की कोशिश कर रहा गोल्डी बरार

**नई दिल्ली,27 सितम्बर 2023(ए)।** भारतीय खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि कनाडा स्थित आतंकवादी गोल्डी बरार ने भारतीय अधिकारियों से बचने के लिए कैलिफोर्निया में शरण मांगी है। एक नए डोजियर के अनुसार, बरार 15 अगस्त, 2017 को कनाडा पहुंचा और बाद में अमेरिका भागने में सफल रहा। तब से, वह कैलिफोर्निया में एक नया ठिकाना स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जांच से बचने के लिए एन्क्रिप्टेड संचार एप का उपयोग कर रहा है।इंटेलिजेंस डोजियर से पता चला है कि यह ठिकाना कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो शहर में हो सकता है। डोजियर में अन्य खालिस्तानी चरमपंथियों और उनके सहयोगियों के बारे में भी



जानकारी है, जैसे लखबीर लांडा के बारे में जो पाकिस्तान स्थित हरविंदर सिंह का करीबी सहयोगी है।डोजियर लांडा के आपराधिक इतिहास पर रोशनी डलता है, जिसमें 2022 की एक महत्वपूर्ण घटना भी शामिल है जब उसने 4 नवंबर, 2022 को अमृतसर में शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या की बात खुले तौर पर स्वीकार की थी। लांडा ने इसकी ज़िम्मेदारी ली और एक फेसबुक पोस्ट में चेतावनी जारी करते हुए कहा, यह तो बस शुरुआत है।
डोजियर में 66 साल के सतिंदर पाल सिंह का भी जिक्र है, जिसका हरदीप सिंह निज्जर से करीबी संबंध था। सतिंदर पाल सिंह फिलहाल वैंकूवर में रहता है। उग्रवादी गतिविधियों में शामिल वह 1974 में कनाडा चला गया लेकिन 1979 में भारत लौट आए। 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के दौरान वह फिर से कनाडा चला गया।

## संपादकीय

### समान नागरिक संहिता पर क्या हो रहा है?

क्या केंद्र सरकार जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी की सिफारिशों के आधार पर देश में समान नागरिक कानून लागू करेगी? इस मामले की क्रोनोलॉजी देख कर ऐसा लग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जून को भोपाल में एक कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता की वकालत की, जिसके तेजी से घटनाक्रम शुरू हुआ। एक तरफ उत्तराखंड सरकार द्वारा इस मसले पर बनाई गई समिति के सदस्य विधि आयोग से मिले तो दूसरी ओर विधि आयोग आम लोगों से इस पर राय मांगी और खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कह दिया था कि एक घर दो कानून से नहीं चल सकता है। इन सबके बीच जुलाई महीने में जगह जगह सेमिनार और सम्मेलन होने लगे, जिनमें हर तरफ से समान कानून की वकालत की जा रही थी।

प्रधानमंत्री के बयान के करीब तीन महीने बाद इस मसले पर चौतरफा चुप्पी है। प्रधानमंत्री ने 28 जून के बाद इस बारे में कुछ नहीं कहा। इस मामले पर ध्यान इसलिए गया है क्योंकि एक छोटी सी खबर आई है कि उत्तराखंड सरकार ने इस मसले पर विचार के लिए बनी कमेटी का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ा दिया है। ध्यान रहे सुप्रीम कोर्ट की रिटायर जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में कमेटी बनी है, जो समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार कर रही है। इस कमेटी का गठन पिछले साल हुआ था और दो बार के विस्तार के बाद इसका कार्यकाल 27 सितंबर को खत्म हो रहा था। इसे चार महीने का एक और विस्तार दे दिया गया है।

सोचें, जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने खुद 27 जून को कहा था कि समान नागरिक कानून का मसौदा तैयार है और जल्दी ही उसे सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल में इसकी वकालत की थी। तब कहा गया था कि जुलाई के अंत तक जस्टिस देसाई कमेटी की रिपोर्ट उत्तराखंड सरकार को सौंप दी जाएगी। उस समय चर्चा थी कि इस कमेटी के मसौदे को ही केंद्र सरकार अपना कर पूरे देश में लागू कर सकती है। इस चर्चा को और बल तब मिला, जब जस्टिस देसाई ने दिल्ली में विधि आयोग के सदस्यों से मुलाकात की। फिर विधि आयोग ने लोगों की राय मंगाने का फैसला किया। पहले 13 जुलाई तक का समय दिया गया था, जिसे बाद में बढ़ा कर 28 जुलाई कर दिया गया। एक महीने में आयोग को एक करोड़ से ज्यादा सुझाव मिले हैं।

सो, अब सवाल है कि जब जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी ने मसौदा तैयार कर लिया था तो उसने सरकार को सौंपा क्यों नहीं और अब उसको विस्तार क्यों दिया गया है? बताया जा रहा है कि विधि आयोग इस मसले पर मिले एक करोड़ से ज्यादा सुझावों की छंटनी कर रहा है। उसमें मिले कुछ सुझावों को जस्टिस देसाई कमेटी के मसौदे में शामिल किया जा सकता है। जानकार सूत्रों के मुताबिक इसलिए कमेटी को विस्तार दिया गया है ताकि सभी सुझावों की छंटनी हो जाए और उसमें से ऐसे सुझाव अलग कर दिए जाएं, जिनको कमेटी की सिफारिशों में जगह मिलेगी। उसके बाद वह मसौदा उत्तराखंड सरकार को पेश कर दिया जाएगा। संभव है कि विधि आयोग भी उस पर अपनी मुहर लगा दे और फिर केंद्र सरकार उसको अपना ले।

## अहिंसा ही हमारा दर्पण है!



डॉ.विक्रम चौरसिया
नई दिल्ली

हिंसा किसी भी इंसान, समाज व राष्ट्र के लिए हितकर हो ही नही सकता ,इसलिए अहिंसा ही हम सभी का धर्म होना चाहिए। जब हम अहिंसा की बात करते हैं तो हमारे दिमाग में एक नाम आता गांधी जो की सत्य व अहिंसा के पुजारी थे जिनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं,वे अपने जीवन का हर संघर्ष , सत्य और अहिंसा को आधार बनाकर ही जीते थे।महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से भारत को आजाद कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिए , लेकिन उनकी आजादी की लड़ाई का तरीका एकदम ही अलग था। वह बिना किसी को चोट पहुंचाए, बिना हिंसा के अंग्रेजों को देश से बाहर निकालने में यकीन रखते थे, उन्हें अहिंसात्मक आंदोलन के लिए जाना जाता है। अहिंसात्मक व्यवहार के कारण वैश्विक तौर पर गांधी जी को सम्मान मिला , इसी सम्मान को व्यक्त करने के लिए 2 अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मना रहे है। यही सच्चाई है मैं भी अहिंसा में ही शत प्रतिशत विश्वास करता हूं ,अहिंसा ही हम इंसानों का सबसे बड़ा धर्म हैं,सामान्य अर्थ में 'हिंसा नहीं करना' ही अहिंसा है, धर्म ग्रन्थों के अनुसार व्यापक अर्थ में इसका मतलब 'किसी भी प्राणी को तन, मन, कर्म, वचन व वाणी से कोई नुकसान नहीं पहुँचाना ही 'अहिंसा' है। 'जैन' एवं 'हिन्दू धर्म में अहिंसा को बहुत महत्त्व दिया गया है। जैन धर्म का तो मूल मंत्र ही 'अहिंसा परमो धर्मः' अर्थात अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसके अलावा विश्व में भी अहिंसा का विचार रहा ही है।

विश्व के किसी भी समस्या का समाधान हिंसा से नहीं हो सकता, हिंसा हमेशा प्रतिहिंसा को जन्म देती है, यह कभी नहीं रुकने वाला अंतहीन सिलसिला है। इसलिए सभी समस्याओं का समाधान बातचीत से, प्रेम और सौहार्द से ही हो सकता है। हम एक हिंसक समाज का निर्माण नहीं कर सकते, आँख के बदले आँख के सिद्धांत पर चले तो पूरी दुनियां ही अंधी हो जाएगी, हम पुरी दुनियां को अपना परिवार मानते है यानी की वसुधैव कुटुंबकम् के राह पर चलने वाले है,इसलिए आज ही आप भी शपथ ले की हम अपने जीवन में हिंसा को नहीं बल्कि अहिंसा को बढ़ावा देंगे।अगर प्रत्येक मनुष्य 'अहिंसा' को मजबूती से अपने जीवन का अंग बना ले तो दुनिया में अपराध, नफरत, स्वार्थ, हिंसा, चोरी जैसी घटनाएं पूर्णतः खत्म हो जाएगी। मनुष्य प्रकृति से उतना ही लेगा जितनी उसको जरूरत है,प्रकृति का अत्यधिक दोहन करना, उससे जरूरत से ज्यादा लेना भी हिंसा है। अगर हम ऐसा करेंगे तो आनेवाली पीढ़ियों के लिए कुछ भी नहीं बचेगा। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग जरूरत के अनुसार करना चाहिए।

# 'इंडिया' के सामने ओबीसी वोट की चुनौती

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' के सामने सबसे बड़ी चुनौती अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी का वोट वापस हासिल करने की है। पिछले दो लोकसभा चुनावों से ओबीसी वोट तेजी से भाजपा की ओर शिफ्ट हुआ है। यह भारतीय राजनीति का एक अनोखा और दिलचस्प पहलू है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर नरेंद्र मोदी के उदय से पहले माना जाता था कि मंडल और कमंडल की राजनीति एक दूसरे के विपर्यय हैं यानी एक दूसरे के उलट और विरोधी हैं। लेकिन 2014 के चुनाव से यह तस्वीर बदलने लगी, जो बाद में कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी दिखी। अब मंडल और कमंडल यानी जाति और धर्म की राजनीति एक हो गई है या कह सकते हैं कि एक दूसरे के साथ हाथ जोड़े चल रही है।

मंडल और कमंडल की राजनीति के एक हो जाने का स्पष्ट संकेत 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों में दिखता है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले तक राष्ट्रीय चुनावों में भाजपा एक चौथाई के करीब ओबीसी वोट ले पाती थी। भाजपा को 2009 में पिछड़ी जातियों का 22 फीसदी वोट मिला था। यह आंकड़ा 2014 में बढ़ कर एक तिहाई से ज्यादा यानी 34 फीसदी हो गया। इसके अगले चुनाव में यानी 2019 में वोट डालने वाले लगभग हर दूसरे ओबीसी मतदाता ने भाजपा को वोट किया। भाजपा को 44 फीसदी ओबीसी वोट मिला। जिस अनुपात में भाजपा का ओबीसी वोट बढ़ता गया उसी अनुपात में कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों का वोट घटता गया। कांग्रेस को 2009 में 24 फीसदी ओबीसी वोट मिला था, जो पिछले दो चुनावों में 15 फीसदी पर स्थिर रहा। प्रादेशिक पार्टियों को 2009 में 54 फीसदी ओबीसी वोट मिला था, जो 2014 में घट कर 51 फीसदी हुआ और 2019 में सीधा 10 फीसदी कम होकर 41 फीसदी रह गया। यानी भाजपा का ओबीसी समर्थन 2009 से 2019 के बीच दोगुना हो गया। वह 22 से बढ़ कर 44 फीसदी हो गया। भाजपा को मिले ओबीसी वोट में मजबूत व मझोली पिछड़ी जातियों का हिस्सा 40 फीसदी और अत्यंत पिछड़ी जातियों का हिस्सा 48 फीसदी है।

कांग्रेस से लेकर उसकी तमाम सहयोगी और संभावित सहयोगी पार्टियों की असली चिंता यही आंकड़ा है। हालांकि इसके अलावा भी कई आंकड़े हैं, जिन पर विपक्षी पार्टियों को बारीकी से विचार करने की जरूरत है, जैसे पिछले 10 साल में भाजपा ने मुस्लिम छोड़ कर हर समुदाय के वोट में पैठ बनाई है और उसको मिलने वाले हर समुदाय के वोट में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि वो समूह ऐसे हैं, जिनमें पहले से भाजपा मजबूत रही है। वैश्य और सवर्ण में भाजपा का पहले से मजबूत असर रहा है। खेती करने वाली जातियों जैसे मराठा, जाट, वोक्कालिगा, रेड्डी आदि का मामला अलग है। अलग अलग राज्यों में इनका आधार है और भाजपा की कोशिश है कि इन जातियों की राजनीति करने वाली पार्टियों के साथ उसका चुनावी तालमेल हो जाए। इनमें से भी ज्यादातर जातियां अलग अलग राज्यों में ओबीसी श्रेणी में ही आती हैं। इसलिए अगर भाजपा की राजनीति को देखें तो बड़े कैनवस में वह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की राजनीति कर रही है, जबकि सूक्ष्म रूप से वह जातियों की राजनीति को अलग अलग तरीके से साध रही है। तभी संसद में महिला आरक्षण बिल पर भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना गौरतलब है कि कांग्रेस ने कभी भी ओबीसी प्रधानमंत्री नहीं बनाया, जबकि भाजपा ने देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया। हालांकि नरेंद्र मोदी से पहले एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बने थे, जो ओबीसी समुदाय से आते हैं और चूंकि उत्तर प्रदेश में जाट ओबीसी में आते हैं इसलिए चौधरी चरण सिंह पहले ओबीसी प्रधानमंत्री माने जाएंगे।

बहरहाल, अगले चुनाव की असली राजनीति ओबीसी वोट की है। तमिलनाडु में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को बीमारी बताया और इसके उन्मूलन की अपील करके ओबीसी राजनीति की है तो बिहार में चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य ने 'रामचरितमानस' की कुछ चौपाइयों को दलित, पिछड़ा और स्त्री विरोधी बता कर ओबीसी व दलित राजनीति को साधने का प्रयास किया है। इस राजनीति के बीच 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' यानी महिला आरक्षण बिल पास हो गया है। संसद के दोनों सदनों में कांग्रेस और मंडल की राजनीति करने वाली सभी पार्टियों ने इस बिल का समर्थन किया। राज्यों में भी जहां उनकी सरकारें हैं वहां वे इसे पास कराएंगी। लेकिन साथ ही यह सवाल उठाती रहेंगी कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था नहीं की। विपक्षी पार्टियों के और खास कर मंडल की राजनीति करने वाली पार्टियों के सोशल मीडिया में सक्रिय समर्थक महिला आरक्षण बिल को सवर्ण महिला आरक्षण बिल बता कर प्रचारित कर रहे हैं। वे फिल्मी अभिनेत्रियों की तस्वीरें दिखा कर बता रहे हैं कि भाजपा सरकार के लाए कानून से ऐसी महिलाएं संसद में पहुंचेंगी। उनका दावा है कि इससे लोकसभा में ओबीसी सांसदों का प्रतिनिधित्व कम होगा और बड़ी संख्या में सवर्ण महिलाएं सांसद बन कर पहुंचेंगी।

इस तरह से महिला आरक्षण के रूप में विपक्ष को एक बड़ा दांव खेलने का मौका मिल गया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इसका अंदाजा नहीं रहा होगा। उनको पता होगा कि बिना ओबीसी के सब कोटा के महिला आरक्षण लाने में खतरा है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि दो कारणों से भाजपा ने यह जोखिम लिया है। पहला कारण तो ओबीसी के बीच भाजपा और नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता है। उनको दिख रहा है कि पिछले दो चुनाव से ओबीसी का समर्थन बढ़ रहा है और मोदी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहते यह वोट कम नहीं होगा। दूसरा कारण यह है कि भाजपा और मोदी को यह भरोसा है कि महिला एक कांस्टीट्यूंसी के तरह पर पूरी तरह से उभर कर स्थापित हो चुकी है। वह जाति और धर्म से परे स्वतंत्र होकर वोट डालने की स्थिति में है। तभी कई राज्यों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रह रहा है। भाजपा को लग रहा है कि महिला आरक्षण का इम्पैक्ट इतना बड़ा होगा कि उसमें जाति की राजनीति दब जाएगी।

तभी सवाल है कि विपक्षी पार्टियां क्या करेंगी? ऐसा लग रहा है कि महिला आरक्षण बिल ने विपक्ष को एक मौका दिया है। हालांकि यह ओबीसी वोट अपनी ओर खींचने का मुख्य प्लॉट नहीं होगा, लेकिन सब प्लॉट निश्चित रूप से होगा। मुख्य प्लॉट वही है, जो पहले से चल रहा है। वह है जातीय जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वादा। विपक्षी पार्टियां अलग अलग राज्यों में इसे आजमा रही हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने इसे आजमाया और उसे कामयाबी मिली। बिहार में जाति जनगणना का काम पूरा हो गया है और उसके आंकड़े जल्दी ही सार्वजनिक किए जाएंगे। एक मोटे अनुमान के मुताबिक बिहार में 52 से 54 फीसदी तक ओबीसी आबादी होगी। यह आंकड़ा सामने आने के बाद इस अनुपात में आरक्षण की घोषणा हो सकती है। फिलहाल ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण है। उसे बढ़ा कर 40 फीसदी से ऊपर करने का ऐलान संभव है। इसके अलावा ओवरऑल आरक्षण की सीमा भी बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण करने की घोषणा के साथ साथ निजी क्षेत्र में और न्यायपालिका में आरक्षण का ऐलान भी संभव है। सो, ओबीसी की गिनती और उसके अनुपात में आरक्षण देने के प्लॉट के साथ साथ महिला आरक्षण के सब प्लॉट से भाजपा के ओबीसी वोट को अपनी ओर खींचने की रणनीति विपक्ष की होगी।

-अजीत द्विवेदी-

# क्या राजस्थान को विभाजित कर नया 'मरूप्रदेश' बनाएगी मोदी सरकार?



-अमरपाल सिंह वर्मा-
जयपुर,राजस्थान

जैसे-जैसे चुनाव निकट आते हैं, कई तरह के सवाल उठने लगते हैं। सत्ताधारी दल चुनाव के दृष्टिगत क्या रणनीति अपनाने जा रहा है? विपक्ष जीत हासिल करने के लिए किस तरफ कदम बढ़ाएगा? मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए सरकार क्या नया करने जा रही है? इस तरह के प्रश्न राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ आम लोगों के दिमाग में भी उठने लगते हैं। इस साल दिसम्बर में राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और अगले साल मई में लोकसभा के चुनाव होने हैं। राजस्थान में चुनावी हलचलें शुरू हो चुकी हैं। भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम तय करने की मशक्कत में जुटी हुई हैं। चुनावी अटकलबाजी के इस दौर में राजस्थान में एकाएक इस बात पर चर्चा होने लगी है कि क्या मोदी सरकार राजस्थान को विभाजित कर नया राज्य 'मरूप्रदेश' बनाने जा रही है?मोदी सरकार अपने अप्रत्याशित फैसलों से हमेशा चौंकाती रही है। अब सरकार ने पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर कई तरह की अटकलों को जन्म दे रखा है। सरकार ने विशेष सत्र के लिए एजेंडा स्पष्ट कर दिया है पर अनुमान लगाए जा रहे हैं कि सरकार इस सत्र में सरप्राइज देने वाली है। राजस्थान में इस सरप्राइज को नए राज्य के गठन के रूप में देखा जा रहा है। राजस्थान में सोशल मीडिया पर नए राज्य मरू प्रदेश के गठन की संभावना पर व्यापक चर्चा हो रही है।

आइए, सबसे पहले जानते हैं मरू प्रदेश क्या है और इसको राजस्थान से अलग राज्य बनाने की परिकल्पना क्या है? राजस्थान में अलग से मरू प्रदेश बनाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। मरू प्रदेश निर्माण मोर्चा नामक संठन 13 साल से इस मांग के समर्थन में आवाज उठा रहा है। कुछ महीने पहले मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांग के समर्थन में ऊंट महायात्रा निकाल कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। मरू प्रदेश की मांग के समर्थक चाहते हैं कि हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, झुंझुनूं, सीकर, नागौर, पाली, जालोर व सिरोही जिलों को राजस्थान से अलग करके नया राज्य बनाया जाए। मोर्चा पदाधिकारियों का मानना है कि देश में छोटे प्रदेश होंगे, तभी वास्तविक विकास हो जाएगा।

मरू प्रदेश के समर्थकों का कहना है कि विशाल राज्य होने के कारण राजस्थान के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास संभव नहीं हो पा रहा है। लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, झुंझुनूं, सीकर, नागौर, पाली, जालोर, सिरोही जिलों के ग्रामीण इलाकों का उतना विकास नहीं हो पाया है, जितती लोग अपेक्षा करते हैं। इसलिए इन जिलों को मरू प्रदेश में शामिल किया जाए।

मरू प्रदेश की मांग की तरह देश में कई राज्यों में नए प्रदेशों की मांग दशकों से उठ रही है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश में हरित प्रदेश, उत्तरी असम में बोडोलैंड, मध्य उत्तरप्रदेश में अवध प्रदेश, पूर्वी उत्तरप्रदेश में पूर्वांचल, उत्तरी पश्चिमी बंगाल में गोरखालैंड, दक्षिणी तमिलनाडु में कोंगूनाडु, पूर्वी महाराष्ट्र में विदर्भ, उत्तर बिहार में मिथिलांचल, राजस्थान में मत्स्यांचल, उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश के बुंदली क्षेत्रों को मिलाकर बुंदेलखंड तथा दक्षिणी गुजरात में सौराष्ट्र बनाए जाने की मांग की जा रही है। राजस्थान में मरू प्रदेश की मांग भी ऐसी ही कवायद का हिस्सा है।

मरू प्रदेश निर्माण के समर्थकों का कहना है कि नया प्रदेश बनने से संबंधित इलाकों में प्रशासनिक व्यवस्था बेहतर होगी और विकास की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जा सकेगी। देश में जितने राज्यों की मांग उठ रही है, अगर वह मान ली जाए तो देश में राज्यों की कुल संख्या 50 हो जाएगी।

मध्यप्रदेश के विभाजन के बाद राजस्थान भौगोलिक दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। इतने बड़े राज्य का चहुंमुखी विकास निश्चित रूप से एक बड़ी चुनौती है क्योंकि सरकार-प्रशासन और जनता के बीच की दूरी बहुत ज्यादा होती है। इस दूरी को पाटने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 नए जिले बनाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। संभावना है कि मुख्यमंत्री राज्य में कुछ और नए जिले बना सकते हैं। इसी बीच, राजस्थान को बांट कर एक नए राज्य की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है।

सवाल यह उठता है कि क्या मोदी सरकार नया राज्य बना सकती है और क्या मुख्यमंत्री गहलोत इसका समर्थन करेंगे? तो इसका जवाब है कि नए राज्य बनाने, किसी राज्य के विभाजन अथवा राज्यों के कुछ हिस्सों को आपस में बदलने का अधिकार केन्द्र सरकार के पास है। इसके लिए राज्य पुनर्गठन आयोग बनाने या राज्य सरकारों की स्वीकृति की जरूरत नहीं पड़ती है। संविधान विशेषज्ञों के अनुसार इस मामले में केन्द्र सरकार की मंशा सर्वोपरि है। यदि केन्द्र सरकार चाहे तो राज्यों की अनुमति के बिना ही उनका विभाजन-पुनर्गठन कर सकती है। संविधान के अनुच्छेद तीन में राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख है। संविधान विशेषज्ञों के अनुसार अगर कोई राज्य विधानसभा इस प्रक्रिया से अलग कोई प्रस्ताव पारित करती है तो उसकी कोई संवैधानिक प्रासंगिकता नहीं है। केवल राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर उसकी राय ही संवैधानिक रूप से प्रासंगिक मानी जाएगी। अगर कोई विधानसभा राज्य के विभाजन का विरोध भी करती है तो भी राष्ट्रपति और संसद इस संबंध में फैसला कर सकते हैं। केंद्र सलाह मानने को बाध्य नहीं है।

संविधान विशेषज्ञों के अनुसार नए राज्य के गठन के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन भी संवैधानिक आवश्यकता नहीं है। अब तक केवल एक बार दिसंबर 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया था। बाद में नए राज्यों के गठन में इस प्रक्रिया का अनुसरण नहीं किया गया। जहां तक पुनर्गठन आयोग का सवाल है, उसकी भूमिका सिर्फ सलाहकार की होती है। उसे कोई संवैधानिक अधिकार नहीं होता है। इस संबंध में कोई फैसला करने से पहले केन्द्र सरकार किसी व्यक्ति या व्यक्तियों से सलाह ले सकती है, लेकिन वह सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं है। अनुच्छेद तीन के तहत इस तरह के विधेयक को पारित करने के लिए संसद में तीन-चौथाई बहुमत की आवश्यकता नहीं होगी। केन्द्र सरकार विधेयक को पेश करके सामान्य बहुमत से भी पारित करवा सकती है।

राजस्थान के संदर्भ में देखा जाए तो अगर केन्द्र सरकार राजस्थान को विभाजित कर मरू प्रदेश के गठन का प्रस्ताव लाती है तो मुख्यमंत्री अशोक इसमें बाधक बनेंगे, ऐसा नहीं लगता है क्योंकि गहलोत हमेशा से विकेन्द्रीकरण के पक्षधर रहे हैं। उनकी नीति जनता को अधिकाधिक सुविधाएं पहुंचाने की रही है। इसका प्रमाण उन्होंने हाल में 19 नए जिले बनाकर दिया है।

मरू प्रदेश बनेगा या नहीं, यह भविष्य के गर्भ में है लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह प्रस्तावित मरू प्रदेश के लिए वरदान साबित होगा। इससे जहां नए प्रदेश के हिस्से में पर्याप्त संसाधन आएंगे, बल्कि छोटा भौगोलिक क्षेत्र होने के कारण इसके विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जा सकेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उद्योग-धंधों का भी विकास होगा। प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम होगी। सरकार और जनता के बीच निकटता आएगी।

# वाहनों पर जातिगत-धार्मिक स्टिकर,अशांति के स्पीकर-तनाव के ट्रीगर



डॉ. सत्यवान सौरभ,
बड़वा (सिवानी)
भिवानी, हरियाणा

वाहनों पर जाति और धार्मिक स्टिकर की कानूनी जांच व्यक्तिगत अभिव्यक्तियों, सांस्कृतिक प्रथाओं और कानूनी नियमों के बीच तनाव को रेखांकित करती है। जातिगत पहचान को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति दूसरों के बीच ईर्ष्या और कड़वी प्रतिक्रिया पैदा कर सकती है और हमारे समाज में बढ़ते जातिगत तनाव को प्रतिबिंबित कर सकती है। सामाजिक रूप से कहें तो, यह अपनी जातिगत पहचान के साथ संपन्नता या नव अर्जित धन का प्रदर्शन है। अगर कोई इस तरह के कृत्यों का गहराई से अध्ययन करता है तो पता चलता है कि यह एक तरह से नव-अमीर सामाजिक वर्गों द्वारा अपनी सफलता का जश्न मनाने और इन सफलताओं के लिए अपनी जातियों को श्रेय देने का प्रयास है।

जातिगत पहचानें लगातार नए अवतार लेती रहती हैं और हमारे सामाजिक जीवन में फिर से प्रकट होती हैं। वे वायरस की तरह उत्परिवर्तित होते हैं और विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक सामाजिक जुड़ाव को नुकसान पहुंचाते हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत, कार या दोपहिया वाहन पर पंजीकरण प्लेट सहित कहीं भी चिपकाए गए स्टिकर या संदेश या कुछ भी नहीं लिखा जा सकता है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 179 (1) वाहनों पर जाति और धर्म-विशिष्ट स्टिकर और लेखन के उपयोग पर रोक लगाती है। उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा वाहनों पर %जाति और धार्मिक स्टिकर% प्रदर्शित करने के लिए चालान जारी करने की हालिया कार्रवाई ने ऐसे स्टिकर की वैधता के बारे में बहस छेड़ दी है। यह कदम, एक विशेष अभियान का हिस्सा, वाहन नियमों, सामाजिक मानदंडों और कानूनी प्रतिबंधों के अंतर्संबंध पर सवाल उठाता है।

इस कदम ने राज्य और अन्य स्थानों पर सार्वजनिक बहस छेड़ दी कि क्या इससे हमारे समाज में जातिगत मान्यता कमजोर होगी। क्या यह भारत में जाति व्यवस्था को कमजोर करने में योगदान देगा? जाति और धार्मिक स्टिकरस्टिकर की वैधता का आकलन मोटर वाहन अधिनियम और मोटर वाहन नियमों के आधार पर किया जाता है। उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों ने वाहनों पर, यहां तक कि वाहन की बॉडी पर भी जाति और धर्म को सूचित करने वाले स्टिकर





चिपकाने के खिलाफ आदेश जारी किए हैं। पंजीकरण नंबर प्लेट मोटर वाहन नियम पंजीकरण नंबर प्लेट पर स्टिकर लगाने से सख्ती से मना करते हैं। चुनौतीपूर्ण स्टिकर और कानून प्रवर्तन वाहनों पर ऐसे स्टिकर लगाने पर जुर्माना 1,000 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि पंजीकरण नंबर प्लेट पर स्टिकर लगाने पर यह बढ़कर 5,000 रुपये हो जाता है।

हमने देखा है कि हमारे समाज में पश्चिम के सभी आधुनिक प्रभावों, बढ़ते शहरीकरण, गहरे होते लोकतंत्र और बढ़ते वैश्वीकरण के बावजूद, भारत में जाति व्यवस्था की नींव पर्याप्त रूप से कमजोर नहीं हुई है। चुनावी लोकतांत्रिक राजनीति ने एक ऐसा माहौल तैयार किया जिसमें जाति व्यवस्था को लगातार ऑक्सीजन मिलती रही और हर चुनाव में एक नया जीवन मिलता रहा। मुझे लगता है कि यह सरकार का सराहनीय फैसला है, क्या इससे भारत में गहरी जड़ें जमा चुकी जाति व्यवस्था को कमजोर करने में कोई खास योगदान मिलने वाला है। यह निश्चित रूप से सार्वजनिक स्थान पर जातिगत पहचान के आक्रामक दावे पर रोक लगाने जा रहा है।

वास्तव में, यह प्रवृत्ति पहली बार पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में देखी गई थी, जहां नव-अमीर, स्थानीय रूप से प्रभावशाली समूहों ने दावे के रूप में वाहनों की विंडस्क्रीन और नंबर प्लेटों पर अपनी जाति के नाम दिखाना शुरू कर दिया था। प्रतिक्रिया स्वरूप, इन क्षेत्रों में दलितों के नव-धनाढ्य वर्गों ने भी वाहनों पर अपनी जाति के नाम प्रदर्शित करना शुरू कर दिया। इससे इन क्षेत्रों में सीमित अर्थों में सामाजिक तनाव पैदा हो गया। सामाजिक रूप से कहें तो, यह अपनी जातिगत पहचान के साथ संपन्नता या नव अर्जित धन का प्रदर्शन है। अगर कोई इस तरह के कृत्यों का गहराई से अध्ययन करता है तो पता चलता है कि यह एक तरह से नव-अमीर सामाजिक वर्गों द्वारा अपनी सफलता का जश्न मनाने और इन सफलताओं के लिए अपनी जातियों को श्रेय देने का प्रयास है।

जातिगत पहचान को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति दूसरों के बीच ईर्ष्या और कड़वी प्रतिक्रिया पैदा कर सकती है और हमारे समाज में बढ़ते जातिगत तनाव को प्रतिबिंबित कर सकती है। हमने देखा है कि पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जातिगत पहचान के इस प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन के कारण विभिन्न स्थानों पर छोटे-मोटे झगड़े, सामाजिक तनाव और हिंसा होती रहती है। धीरे-धीरे यह चलन उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिल रहा है। अन्य हिन्दी राज्यों में भी इस प्रवृत्ति का संक्रामक प्रसार देखा जा सकता है।

वाहनों पर जाति और धार्मिक स्टिकर की कानूनी जांच व्यक्तिगत अभिव्यक्तियों, सांस्कृतिक प्रथाओं और कानूनी नियमों के बीच तनाव को रेखांकित करती है। जैसे-जैसे कानूनी ढाँचा विकसित हो रहा है और समाज अपनी जटिल गतिशीलता को पार कर रहा है, व्यक्तिगत अधिकारों और सामाजिक सद्भाव के बीच संतुलन बनाना एक सतत चुनौती बनी हुई है।

## नवगीत



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

मुग्ध अपने आप पर सब,
दर्पणों को तोड़कर।
रूप की मदिरा चढ़ी है,
दृश्य कब आता नजर।।
अब प्रशंसा कर रहे वो,
मात्र अपनी देह की।
है जरूरत आदमी को,
सत्यरूपी मेह की।।
शुष्क है जीवन का उपवन,
आज मुरझाए शजर।
द्वंद छिड़ता है हृदय में ,
सच पराजित हो रहा।
पाप की गठरी विवश हो,
मनुज प्रतिदिन ढो रहा।।
मरण उर का नित्य होता,
है यही जीवन सफर।।
कब कमी अपनी गिनाते,
दोष देखें और में।
संत यह मानो बने निज,
धारणा के ठौर में।।
हैं मलिन सब वृत्तियाँ पर,
देखते कब हैं उधर।

## ओ कान्हा



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

ओ कान्हा!
हाथ थाम लो आकर मेरे,
कोई नहीं सहारा है।
मन कितना विचलित हो उठता,
हृदय सिसक कर रोता है,
जरा बता दे तू गिरधारी,
ऐसा ही क्यों होता है।
भीड़ भरी है इस दुनिया में,
लेकिन कौन हमारा है।।
जीवन इक अनमोल रतन है,
जैसे कोमल सी कलियाँ,
कदम बढ़ाऊँ गर मैं आगे,
हर पथ पर रोके छलिया।
किसङ्कृकिस को मैं व्यथा सुनाऊँ
करते सभी किनारा हैं।।
बनकर दासी मैं चरणों में,
भक्ति भाव सम रम जाऊँ।
शामङ्कसबेरे रज के कणङ्ककण,
माथे में तिलक लगाऊँ।
जगमग हो जायेगा जीवन,
बन के मेघ सितारा है।।
सब कुछ तो तेरे ही वश में,
तू ही है पालनहारी।
कैसी लीला रचते कान्हा,
हम पर पड़ जाता भारी,
ज्ञात तुम्हें है तेरे बिन अब,
होता कहाँ गुजारा है।।

## क्या सही है?



ओट्टेरी सेल्वाकुमार
चेन्नई,
तमिल नाडु

कि कुछ भी सही नहीं है
आपको बता नहीं सकते
आप यह नहीं कह सकते कि
कुछ भी सही नहीं है।
कारण यहां जो भी हो
यद्यपि कभी कभी यह सही है
कभी कभी यह सही नहीं है
बस।।।
यहाँ जीवन का क्या मतलब है
अनिवार्य है क्या करना है?
यह सम्मोहक स्थिति
जीवन के रहस्य बनते जा रहे हैं
जीवन के संघर्ष में
यही सब परिणाम आते हैं ...
यह ठीक है...क्या सही है?

## हे जग के सिरजइया



टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

हे जग के सिरजइया !
मैं तोला मुँड़ नवावँव।
धरती अउ अगास बनाये
चांद अउ सुरुज सजाये
हे चमकत चंदैनी के उजरइया !
मैं तोला मुँड़ नवावँव।
खड़े हिमालय आय तोर
गंगा म जल बोहाय तोर
हे उफनत सागर के लहरइया !
मैं तोला मुँड़ नवावँव।
कोइली के कंठ बिराजे तैं
तितली ला सुंदराये तैं
हे फूल म रंग भरइया !
मैं तोला मुँड़ नवावँव।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# कार्यक्रम के लिए कई मुख्य मार्गों को कर दिया गया अवरूद्ध

– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

19 सितंबर से गणपति उत्सव चल रहा है। शहर के कई जगहों पर विभिन्न संगठन द्वारा पूजा पंडाल बनाकर गणपति प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं पूजा समिति द्वारा जागरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर पूजा समिति द्वारा जनहित का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। शहर के कई प्रमुख मार्गों को अवरूध कर कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। मंगलवार की रात देवीगंज रोड, प्रतिक्षा बस स्टैंड सहित शहर के अन्य स्थानों पर पूजा समिति द्वारा भव्य रूप से कार्यक्रम का अयोजन किया गया था। देवीगंज रोड को शाम से ही पूरी तरह अवरूद्ध कर दिया गया था। इससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गई। मार्ग से गुजरने वाले लोगों को पूरी रात काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं पुलिस भी मुकदर्शक बनी रही।

धार्मिक आयोजन से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा समिति के लोगों को कई आवश्यक निर्देश तो दिए जाते हैं पर उसे पालन कराना भूल जाती है। गणेश उत्सव को लेकर भी पूजा समिति व पुलिस के बीच बैठक हुई थी और जनहित को ध्यान में रखते हुए पूजा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, तेज आवाज में साउंड सिस्टम न बजाने सहित कई अवश्यक निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद भी निर्देश की धज्जियां उड़ती रही। वहीं विभिन्न पूजा समिति द्वारा रात्रि में कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर पूजा समिति द्वारा जनहित का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मंगलवार की रात को शहर के देवीगंज रोड स्थित पूजा समति द्वारा



कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके लिए शाम होते ही देवीगंज मार्ग को पूरी तरह अवरूद्ध कर दिया गया था। सडक़ के बीचों बीच मार्ग को बंद कर कार्यक्रम के लिए मंच तैयार किया गया था और पूरी रात मार्ग को बंद रखा गया। इस दौरान इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विशेष कर चार पहिया वाहन चालकों को खास परेशान रहे। उन्हें वापस दूसरे मार्ग से होकर गुजरना पड़ा।

### प्रतिक्षा बस स्टैंड को भी कारा दिए गए थे खाली

शहर के न्यू प्रतिक्षा बस स्टैंड में भी गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। बुधवार की रात को यहां भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को लेकर पूजा समिति द्वारा पूरी प्रतिक्षा बस स्टैंड को खाली करा दिया गया था। बसें सडक़ पर खड़ी रही। यात्री सडक़ पर ही बस का इंतेजार करते रहे। वहीं पूजा सममि द्वारा प्रतिक्षा बस स्टैंड के दोनों प्रवेश द्वारा पर बैरिकेट लगाकर बंद कर दिया गया था। सडक़ पर दोपहिया व चार पहिया वाहन की लंबी लाइन लगी रही। यात्री इधर-उधर भटकते रहे।

### पुलिस बनी रही मुकदर्शक

मंगलवार की रात विभिन्न पूजा समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कई स्थानों पर मार्ग बंद कर दिए गए थे। वहीं इनके सुरक्षा में पूरी रात पुलिस बल तैनात रही पर अवरूद्ध मार्गों को सुचारू कराने के लिए इनका ध्यान नहीं रहा। पुलिस मुकदर्शक बनी रही। जबकि पूजा समिति द्वारा जिला प्रशासन से केवल कार्यक्रम के लिए अनुमति ली गई थी।

*विभिन्न पूजा समिति द्वारा कार्यक्रम को लेकर अनुमति ली गई थी। पर उन्हें जनहित को ध्यान में रखते हुए मार्ग अवरूद्ध करने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसके बावजूद भी पूजा समिति द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। अगर कोई शिकायत करता है तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

**पूजा बंसल,**
**एसडीएम**

# मां महामाया मंदिर मार्ग में 53.29 लाख रुपए की लागत से बनेगा भव्य प्रवेश द्वार

» उपमुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया भूमिपूजन

– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने बुधवार को मां महामाया मंदिर मार्ग में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि साथ मिलकर लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है, इसका उदाहरण मां महामाया की नगरी में देखने को मिल रहा है। आस्था से जुड़ा यह निर्माण हर एक की भागीदारी से बने, इसके लिए निरंतर प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष इसकी जानकारी रखी गई और प्राथमिकता कार्य के साथ निर्माण हेतु राशि स्वीकृत हुई है। जल्द ही भव्य स्वागत द्वार बनकर तैयार होगा, मां महामाया की प्रतिष्ठा के अनुकूल प्रवेश द्वार बनाया जाएगा।

कलेक्टर सरगुजा ने भी इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि मां महामाया की कृपा सदैव बनी रहे और सरगुजा जिले के साथ पूरा




प्रदेश निरंतर प्रगति करता रहे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिले के अधिकारी- कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### 53.29 लाख की लागत से बनेगा भव्य स्वागत द्वार

नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में स्थित मां महमाया का प्राचीन मंदिर क्षेत्रवासियों के लिए आस्था एवं विश्वास का महत्वपूर्ण स्थल है। मंदिर मार्ग में भव्य रूप से मां महामाया प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य किया जाना है, प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश द्वार का निर्माण कुल 53.29 लाख रुपए की लागत से नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित किया जाएगा। भव्य प्रवेश द्वार की ऊंचाई 23 फिट तथा चौड़ाई 60 फिट होगी।

### भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रोटोकोल का पालन नहीं

महामाया प्रवेश द्वार के भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिक निगम अंबिकापुर द्वारा केवल उपमुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि बनाए जाने पर भाजपा नगर मंडल अंबिकापुर द्वारा आपत्ति दर्ज की गई है। भाजपा नगर मंडल अंबिकापुर ने कार्यक्रम में प्रोटोकोल का पालन नहीं किए जाने को लेकर नगर निगम अयुक्त को एक ज्ञापन सौंप कर चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा कि जब पिछले दिनों छत्तीसगढिया ओलिम्पिक गेम के शासकीय कार्यक्रम में प्रोटोकोल का पालन नहीं किया गया था तो खुद उपमुख्यमंत्री ने उस कार्यक्रम का बहिष्कार किया था, और आज जब खुद उनके मुख्य आतिथ्य वाले कार्यक्रम में जब सांसद, नगर निगम नेताप्रतिपक्ष तथा स्थानीय पार्षद को अतिथि नहीं बनाया गया तो उन्हें प्रोटोकोल पर कोई आपत्ति नहीं हुई। ये दोहरा चरित्र क्यूँ, ज्ञापन में नगर निगम आयुक्त को चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की गलती ना हो अन्यथा भाजपा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# 41 वीं सीनियर नेशनल महिला नेटबॉल चैंपियनशिप मे छत्तीसगढ़ महिला टीम ने जीता कास्य पदक




– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

41वीं सीनियर नेशनल महिला नेटबॉल 21 से 24 सितम्बर तक हरियाणा के सोनीपत मे आयोजित की गई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम ने ऐतिहासिक जीत के साथ कास्य पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल टीम में सरगुजा की खिलाड़ी खुशबू गुप्ता भी शामिल थी। खुशबू गुप्ता ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ महिला नेटबॉल टीम ने अपना दम खम दिखाते हुए 10 साल बाद छत्तीसगढ़ महिला नेटबॉल टीम ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज किया। नेटबॉल मे 2021 मे छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था वही महिला टीम ने आखरी बार 2013 मे पदक प्राप्त किया था। इस जीत से सरगुजा की खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची में जल्द ही शामिल होंगी। सरगुजा जिले में नेटबॉल का उदय एवं खुशबू गुप्ता को कास्य पदक जीतने पर आदितेश्वर शरण सिंहदेव, इंजी सोमनाथ सिंह, विंधेश्वर शरण सिंहदेव, हिमांशु जायसवाल, वेदांत तिवारी, रजत सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# भाजपा युवा मोर्चा ने सीजी पीएससी मामले को लेकर शंकरगढ़ में पुतला दहन कर प्रदर्शन किया



– संवाददाता –
शंकरगढ़,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा ,छत्तीसगढ़ के पीएससी मामले में बस स्टैंड शंकरगढ में प्रदर्शन करते हुए। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार और छत्तीसगढ़ पीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी का शव यात्रा निकालकर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया,भाजपा के लोगो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया और यह आरोप भी लगाया कि यह सीजी पीएससी घोटाला मौजूदा छत्तीसगढ़ सरकार की गले का फांस बन चुका है यह मामला छत्तीसगढ़ की हाईकोर्ट में भी लंबित है जिसको लेकर कोर्ट द्वारा सरकार से जवाब मांगा है लेकिन सरकार जवाब दे नहीं पा रही है इस महाघोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ की पूरी भारतीय जनता पार्टी की टीम और भाजपा युवा मोर्चा आक्रामक है और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर यह भी आरोप लगाया गया है कि पीएसी में केवल कांग्रेस के नेताओं के लड़की लड़कियों का नाम और पीएससी अध्यक्ष टामन सोनवानी के रिश्तेदारों का ही नाम है।भारतीय जनता युवा मोर्चा के इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दिनेश पैकरा , महामंत्री बुधनाराम , मंत्री नीरज मिश्रा , जिला पदाधिकारी अर्जुन सिंह , भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुसमी प्रीतम गुप्ता , विवेक कश्यप ,अमन कश्यप , शंकरगढ़ भाजयुमो महामंत्री रोहित गुप्ता , उपाध्यक्ष अभय पैकरा , प्रीतम यादव , सेवक पैकरा, शुभम यादव ,शुभम जायसवाल ,सुनील नाग, जसराज पैकरा ,एवं काफी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सरगुजा इलेवन की टीम ने एमएस सिंहदेव स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता

**सरगुजा इलेवन की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए जशपुर को 3-0 गोल से हराया**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे स्व. एमएस सिंह देव स्मृति नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत बुधवार को फाइन मुकाबला सरगुला इलेवन व जशपुर के मध्य खेला गया। सरगुला इलेवन की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए जशपुर को 3-0 गोल से हराकर एमएस सिंहदेव स्मृति संभाग स्तरीय नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री टीएस ङ्क्षसहदेव, विशिष्ट अतिथि आदित्येश्वर शरण ङ्क्षसहदेव, वन पादक बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद, बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, महापौर नगर निगम डॉ. अजय तिर्की व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व खिलाड़ी रोशन अग्रवाल शामिल रहे। अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 51 हजार नकद व ट्राफी व उप विजेता को 31 हजार नकद व ट्राफी



देकर सम्मानित किया गया।

स्व. एमएस ङ्क्षसहदेव संभाग स्तरीय नॉक आउट गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 17 सितंबर को किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ली थी। बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए सरगुजा इलेवन व जशपुर की टीम फाइनल में पहुंचा था। जिसका फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला गया। सरगुला इलेवन खिलाडियों ने आपसी ताल मेल के साथ खेलते हुए बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और शुरू से ही जशपुर की टीम पर दबाव बनाए रहा। इस तरह सरगुजा इलेवन की टीम ने 3-0 गोल कर जशपुर को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम कर लिया। फाइनल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि दोनों टीमों के खिलाडिय़ों ने पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ प्रदर्शन किया। हार जीत अलग बात है। इस दौरान आयोजिन समिति के अध्यक्ष जगजीत मिंज सचिव विकास सिंह, सदस्य दिपक कुजूर, रवि तिर्की, सत्या नेताम, अमित पांडेय, धनंजय सिंह, रहिस अंसारी, कमलेश किस्पोट्टा, ज्ञानेश्वर सिंह, जॉन पिटर टोप्पो, दिनेश तिर्की, रजनिश सिंह, सहयोगी कार्यकर्ता में मंगल राम, अखिलानंद शामिल रहे।

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

मैन ऑफ द मैच धनश्याम सरगुजा इलेवन, बेस्ट फार्वड अभिषेक जशपुर, बेस्ट गोल किपर फलेंद्र सरगुजा इलेवन, बेस्ट मीड फिल्डर प्रकाश गुप्ता सरगुजा इलेवन, बेस्ट डीपेन्डर अजीत सरगुजा इलेवन, मैन ऑफ द सीरीज उजित मरकाम सरगुजा इलेवन को दिया गया।

# गुजरात से नाबालिक बालिका को बरामद कर आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

– संवाददाता –
लखनपुर,27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के नाबालिक बालिका को बहला फुसला कर भाग ले जाने तथा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में साइबर टीम की मदद से लखनपुर पुलिस ने बिहार निवासी आरोपी युवक को गुजरात जामनगर से गिरफ्तार करते हुए नाबालिक बालिका को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 9 सितंबर की सुबह 11 बजे नाबालिक घर से कॉलेज फॉर्म भरने अंबिकापुर जा रही हूं कहकर निकली जिसके बाद वह अपने घर नहीं लौटी परिजनों के द्वारा आसपास गांव और रिश्तेदारों में पता तलाश की गई परंतु नाबालिक का कुछ पता नहीं चला। नाबालिक के परिजन लखनपुर थाने पहुंचे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भाग ले जाने का रिपोर्ट दर्ज कराया लखनपुर पुलिस धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच में जुटी थी। सरगुजा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक एल आर चौहान ने टीम गठित करते हुए साइबर टीम की मदद से गुजरात के जामनगर से नाबालिक को बरामद कर आरोपी युवक सुभाष कुमार पिता खेटू प्रसाद उम्र 26 वर्ष बिहार निवासी को गिरफ्तार किया और दोनो को लखनपुर थाने लाया गया।



महिला अधिकारी द्वारा नाबालिक बालिका का कथन लिया गया जिस पर नाबालिक ने बताया कि सुभाष कुशवाहा जिला मोतीहार बिहार निवासी उसके गांव में काम करने आया था जिससे परिचय हुआ और दोनों में बात होने लगी आरोपी युवक सुभाष कुशवाहा के द्वारा पहले दिन शादी का झांसा देकर पहले खेत की ओर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद इसके आरोपी युवक के द्वारा 9 सितंबर 2023 की सुबह 10 से 11ः00 बजे पीड़िता को अंबिकापुर बुला लिया और आरोपी नाबालिक को बस में बैठा कर गढ़वा ले गया। गढ़वा से ट्रेन में बैठा कर अहमदाबाद होते हुए गुजरात के जामनगर ले गया और वहां 10 से 12 दिन अपने साथ किराए के मकान में रख कर जबरन उसके साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार किया पीड़िता के कथन उपरांत पुलिस के द्वारा धारा 366 क 343, 376 (2)(ढ) एवं पास्को एक्ट धारा 4,6 का घटित पाए जाने पर धारा जोड़ी गई पीड़िता और आरोपी का मोबाइल जप्त करते हुए। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक एल आर चौहान, सहायक उप निरीक्षक संदीप सिंह,प्रधान आरक्षक मुक्तिलाल तिर्की , आरक्षक रंजीत मिंज, महिला आरक्षक सुमन कुशवाहा साइबर टीम और पुलिस स्टाफ सक्रिय रहे।

# युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्षों की सूची जारी

– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)। युवक कांग्रेस सरगुजा के विधानसभा अध्यक्षों की बहुप्रतीक्षित सूची प्रदेश युवक कांग्रेस कमेटी ने जारी कर दी है। उप मुख्यमंत्री की सहमति से जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महासचिव पलक वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने की है। वीरेंद्र सिंह देव लखनपुर, शुभम जायसवाल अम्बिकापुर शहर, सतीश घोष अम्बिकापुर ग्रामीण, शुभम पांडेय उदयपुर,भीम नागेश और निलेश कश्यप दरिमा के ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत हुए है।

# आईजी पलामू ने कहा झारखंड चुनाव में आपने किया है सहयोग हम भी करेंगे

– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ से लगे झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों की अंतर्राज्यीय संयुक्त बैठक आयोजित की गई। सरगुजा रेंज के आईजी अंतिक गर्ग की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के सभागार कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें जिसमें छत्तीसगढ़ जिला बलरामपुर एवं झारखण्ड के पलामू रेंज, जिला लातेहार, गढ़वा एवं गुमला जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान आईजी ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों, राज्यों के कौन से अनुविभाग, थाना की सीमा छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों की सीमा से लगती है मैप के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की गई। पड़ोसी राज्य झारखण्ड के गढ़वा, लातेहार और गुमला क्षेत्रों के संबंध में कहा कि यहां नक्सल गतिविधियां होती रहती है जिसके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। बलरामपुर के भूताही मोड़, बंदरचुआं, पुंदाग एवं सबाग कैम्प की स्थापना होने पर नक्सली गतिविधियों पर जिस प्रकार सफलतापूर्वक अंकुश लगाया गया उसके लिए उन्होंने पुलिस प्रशासन की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बुढ़ापहाड़ जैसे पहुंचविहीन एवं अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस एवं सीआरपीएफ की उपस्थिति से क्षेत्र के लोगों में पुलिस एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। जिसका फायदा हमें आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में मिलेगा। निश्चित तौर पर यह जिला बलरामपुर में शांतिपूर्ण चुनाव कराने में अपनी सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आईजी द्वारा झारखंड के पुलिस अधिकारियों से रीयल टाईम इन्फोरमेशन की शेयरिंग के सहयोग की अपेक्षा जाहिर की है। बैठक में राज कुमार लकड़ा आईजी पलामू रेंज, पंकज कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक, पलामू रेंज




सीआरपीएफ, डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक बलरामपुर-रामानुजगंज, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक, जिला लातेहार, दीपक कुमार पाण्डेय पुलिस अधीक्षक जिला गढ़वा, प्रमोद कुमार सिंह कमाण्डेंट 62 बटालियन सीआरपीएफ अम्बिकापुर, प्रशांत कुमार द्वितीय कमाण्ड अधिकारी 62 बटालियन अम्बिकापुर विवेकानन्द सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान जिला गढ़वा, अमरेन्द्र सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 172 वीं बटालियन सीआरपीएफ गढ़वा, मनीष कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान जिला गुमला, चंद्रेश सिंह ठाकुर अति. पुलिस अधीक्षक जिला बलरामपुर, अभिषेक कुमार अति. पुलिस अधीक्षक जिला बलरामपुर, नारद कुमार सूर्यवंशी अनुविभागीय अधिकारी रामानुजगंज, थाना प्रभारी सामरीपाठ, कुसमी, चांदो, कोरंधा एवं राजपुर उपस्थित रहे।

### प्रजेंटेशन के माध्यम से भौगोलिक स्थिति से कराया गया अवगत

पुलिस महानिरीक्षक पलामू रेंज राज कुमार लकड़ा द्वारा कहा गया कि आपने हमें झारखण्ड चुनाव में सहयोग किया है। हम भी सहयोग करेंगे पड़ोसी जिला बलरामपुर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराना है, चुनाव के दौरान किसी भी तरीके के नकारात्मक गतिविधियों को रोकने के लिए एक दूसरे का सहयोग करने तथा आवश्यक जानकारी साझा करने हेतु कहा गया। शांतिपूर्ण चुनाव कराने के संबंध में हम सभी एक दूसरे को अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले की भौगोलिक स्थिति एवं नक्सल गतिविधियों व आगामी चुनावी रणनीति के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने कहा कि नक्सल क्षेत्रों में आवागमन की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने तथा बूढ़ापहाड़ के इलाके में नक्सल उन्मूलन की दिशा में और बेहतर कार्य करने एवं नक्सल इलाकों में पुलिस की गतिविधियां और बढ़ाने के संबंध में बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले की सीमाएं पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं झारखण्ड से लगी हुई हैं इसलिए यहां शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता है।

भारत-कनाडा विवादः

# वीजा दिलवाने के नाम फंसाए जा रहे हैं युवा सिख,खालिस्तानी समर्थकों का भारत विरोधी खेल

**नई दिल्ली, 27 सितम्बर 2023।** खालिस्तानी समर्थक भारत के खिलाफ अपने एजेंडे को पूरा करने के लिए सिख युवाओं का सहारा ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक खालिस्तानी समर्थक युवा सिखों को फंसाने के लिए वीजा प्रायोजित कर रहे है। जिसके कारण युवा सिख उनके झांसे में आ रहे हैं। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से ही भारत और कनाडा के बीच दरार पैदा हुई है। जानकार सूत्रों की माने तो खालिस्तानी आतंकी अब युवा सिखों के जरिए अपने एजेंडे को पूरा करना चाहते हैं। मोनिंदर सिंह बुआल, परमिंदर पंगली, भगत सिंह बराड़ जैसे खालिस्तानी समर्थक लगातार युवा सिखों के सम्पर्क में हैं।

### वीजा दिलवाने के नाम पर आंतक का खेल

बेरोजगार छात्र और अवैध अप्रवासियों को खासा निशाना बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार खालिस्तानी समर्थक उनके वीजा को प्रायोजित कर रहे हैं। साथ ही निम्न स्तर की नौकरियों की पेशकश कर उन्हें फंसाया जा रहा है। जिसके बाद से ये सभी युवा सिख खालिस्तानी समर्थकों के सीधा सम्पर्क में आ जाते हैं।



### आंतकियों का गठबंधन

मोनिंदर सिंह बुआल और बराड़ ने पंजाब में देवेंद्र बांभिया गिरोह, अर्श दल्ला गिरोह, लखबीर लांडा गिरोह जैसे गैंगस्टरों के साथ एक गठजोड़ भी बनाया है। पंजाब में आतंकवादी हमलों के लिए अपने गुर्गों का उपयोग करने के बदले में इन वांछित गैंगस्टरों को कनाडा ले गए। खालिस्तान समर्थकों द्वारा चलाया जाने वाला यह मानव तस्करी चैनल कनाडाई एजेंसियों की नाक के नीचे निर्बाध बना हुआ है। भले ही उत्तरी अमेरिकी देश मानव तस्करी के प्रति बहुत संवेदनशील हो।

### क्यों शुरु हुआ विवाद ?

नई दिल्ली और ओटावा के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 सितंबर को निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। भारत ने आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया। इस मामले पर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी के निष्कासन के बदले में भारत ने एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

# सिंध प्रांत में बच्चों को मिला रॉकेट शेल,खिलौना समझ ले आए घर;धमाके से नौ की मौत

**कराची, 27 सितम्बर 2023।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बुधवार को एक घर में रॉकेट लॉन्चर का शेल फटने से एक ही परिवार के चार बच्चों समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

### मामले की जांच जारी

काशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहिल खोसा ने बताया कि बच्चे मैदान में खेल रहे थे, तभी उन्हें एक रॉकेट शेल मिला, जिसे वे खिलौना समझकर घर ले आए। घर में बच्चे उससे खेल रहे थे, तभी वह फट गया। धमाके में परिवार के चार बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरुष सहित नौ लोगों की जान चली गई। एसएसपी ने बताया कि सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। जांच जारी है।




गांव में रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा

खबर के अनुसार, सिंध के मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति मकबूल बकर ने प्रांतीय महानिरीक्षक से इस मामले की रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में बताया जाए कि प्रांत के काशमोर जिले की कंधकोट तहसील के जांगी सुब्जवाई गोथ गांव में एक रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा।

उन्होंने पूछा है कि क्या कच्चे इलाकों में तस्करी कर लाए जा रहे हथियारों का कोई जखीरा था? क्या गोठ गांव में डकैतों को समर्थन करने वाले लोग मौजूद हैं? घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बकर ने महानिरीक्षक को घटना की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

# फोर्ब्स की '30 अंडर 30 सूची' में शामिल टेक सीईओ अपार्टमेंट में मृत मिलीं,सिर पर कई चोट के निशान

**वाशिंगटन,27 सितम्बर 2023 ।** अमेरिका में 26 साल की एक टेक सीईओ सोमवार को एक अपार्टमेंट में मृत पाई गई हैं। उनके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। बाल्टीमोर पुलिस विभाग (बीपीडी) ने बताया कि ईकोमैप टेक्नोलॉजीज कंपनी की सह संस्थापक पावा लापरे डाउनटाउन बाल्टीनोर अपार्टमेंट में मरी हुई मिलीं। इस मामले में एक 32 वर्षीय युवक पर शक है।

### सोमवार सुबह मौत की जानकारी

पुलिस कमिश्नर रिचर्ड वॉर्ले ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वह जेसन डीन बिलिंगस्ले की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे जानकारी मिली थी। सूचना पर



पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहां, लापरे मृत मिलीं। जांच करने पर पाया कि उनके सिर पर कई चोट के निशान थे।

अधिकारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आ पाएगी।

### कंपनी ने जताया दुख

लापरे की टेक कंपनी ने मंगलवार को उनकी मौत की पुष्टि की है। वहीं, एक रिपोर्ट के अनुसार,लापरे को उनकी स्टार्टअप कंपनी के कारण इस साल सामाजिक प्रभाव के लिए फोर्ब्स की 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया गया था।

### खतरनाक अपराधी हो सकता...

रिचर्ड का कहना है कि जेसन खतरनाक अपराधी हो सकता है। उस पर फर्स्ट डिग्री हत्या, हमला, लापरवाही से खतरे में डालने और कई अन्य आरोप हैं। उसके पास हथियार भी हो सकता है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि आरोपी नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ भी कर सकता है। वह मार भी सकता है और दुष्कर्म भी कर सकता है।

# हमदानिया में शादी समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग;100 लोगों की मौत,150 के करीब घायल

**बगदाद,27 सितम्बर 2023 ।** उत्तरी इराक के हमदानिया शहर में एक शादी समारोह में आग लगने से करीब 100 लोगों की मौत तो वहीं 150 लोग घायल हो गए। निनेवेह प्रांत के स्वास्थ्य अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी। हमदानिया एक ईसाई शहर है जो मोसुल के पूर्व में स्थित है।



इस घटना में घायल हुए लोगों को हमदानिया के मुख्य अस्पताल में लाया गया, जहां रक्तदान के लिए दर्जनों की संख्या में लोग वहां इक्टठा हो रहे थे। कई लोगों को एक रेफिजरेटेड ट्रक के दरवाजे पर कई काले बॉडी बैग को ले जाते हुए भी देखा गया। नागरिक सुरक्षा प्राधिकारी ने अपने एक बयान में बताया कि अत्यधिक ज्वलनशील और कम लागत वाली मिर्माण सामग्री के इस्तेमाल के कारण आग लगी और इस आग से छत का कुछ हिस्सा भी गिर गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शादी समारोह में आतिशबाजी का भी इस्तेमाल किया गया था, जिससे हॉल में आग लग गई। इराक में निर्माण और परिवहन क्षेत्रों में सुरक्षा के नाम पर अनदेखी की जाती है, जिस वजह से यहां अक्सर आग लगने की घटनाएं आती रहती है।

# उत्पीड़न का आरोप लगा पाकिस्तान भागे भारतीय पिता-पुत्र, अफगानिस्तान के रास्ते चमन इलाके में हुए दाखिल

**इस्लामाबाद,27 सितम्बर 2023।** अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश करने वाले एक भारतीय पिता-पुत्र ने दावा किया है कि उन्होंने धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए नई दिल्ली में अपना घर छोड़कर पलायन किया है। मोहम्मद हसनैन और उसके बेटे इशाक आमिर ने पाकिस्तान-अफगान सीमा से अवैध रूप से पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के चमन इलाके में घुसपैठ की।



दोनों फिलहाल कराची में ईदी वेलफेयर ट्रस्ट के आश्रय गृह में हैं। हसनैन ने कहा, अगर पाकिस्तानी अधिकारी हमें जेल में डालना चाहते हैं तो हम उसके लिए तैयार हैं। हम बिना वैध दस्तावेजों के आए हैं पर हम शरण लेने की कोशिश करेंगे।

हसनैन (70 वर्षीय) और आमिर (31 वर्षीय) नई दिल्ली के गौतमपुरी इलाके के रहने वाले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें लंबे समय तक उत्पीड़न और धार्मिक अत्याचार का सामना करना पड़ा इसलिए उन्होंने पाकिस्तान भागने का फैसला किया। हसनैन ने कहा, हमें कराची पहुंचने में 14 दिन लगे। वहां पहुंचकर हमने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले दोनों पांच सितंबर को नई दिल्ली से दुबई के लिए रवाना हुए थे। दुबई में उन्हें अफगानिस्तान दूतावास से वीजा मिला।

उसने कहा, हमें वीजा मिला और हम काबुल के लिए रवाना हुए, जहां से हम सड़क मार्ग से कंधार गए और वहां से हम चमन सीमा के जरिए पाकिस्तान में दाखिल हुए। दोनों एक अफगान एजेंट की मदद से सीमा पार करने में सफल रहे और बाद में उन्होंने टैक्सी ड्राइवर को कराची ले जाने के लिए 60,000 रुपये का भुगतान किया।

### कराची पुलिस मान रही पीड़ित

कराची के पुलिस उप महानिरीक्षक (दक्षिण) असद रजा ने कहा कि दोनों पर जासूस होने का संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें धार्मिक पूर्वाग्रह और उत्पीड़न का शिकार माना गया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

मातम में बदली खुशियां :

# मैरिज हॉल में लगी आग,100 से अधिक लोगों की मौत

**बगदाद,27 सितंबर 2023।** इराक में एक शादी समारोह के दौरान भीषण आग लग जाने से 100 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 150 से अधिक घायल हुए हैं। निनेवेह प्रांत के स्वास्थ्य अधिकारियों ने अल-हमदानियाह में एक विवाह हॉल में आग लगने से 100 मृतकों और 150 से अधिक घायलों की गिनती की है। राज्य मीडिया और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार तड़के कहा कि यह हादसा उत्तरी इराक के हमदानियाह शहर में हुआ। शादी समारोह के एक हॉल में आग लगने से भगदड़ मच गई। इस दौरान कम से कम 100 लोग मारे गए हैं। मृतकों की संख्या अभी और बढ़ने का अंदेशा है।



150 से अधिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रवक्ता में हादसे में मृत और घायलों की प्रारंभिक संख्या का हवाला देते हुए बताया कि निनेवेह प्रांत के स्वास्थ्य अधिकारियों ने हमदानियाह में एक विवाह हॉल में आग लगने से 100 मृतकों की गिनती की है और 150 से अधिक घायल हुए हैं। मुख्य रूप से ईसाई शहर हमदानियाह के मोसुल के पूर्व में मुख्य अस्पताल में एएफपी के एक फोटोग्राफर ने देखा कि कई एम्बुलेंस सायरन बजाते हुए आ रही थीं और दर्जनों लोग रक्तदान करने के लिए प्रांगण में इकट्ठा हो रहे थे।










# विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक श्रमदान किया गया। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों के आस-पास स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड सीतापुर के मंगरेलगढ़ पर्यटन स्थल, अम्बिकापुर के घुनघुट्टा पर्यटन स्थल, रामवनगमन पर्यटन परिपथ रामगढ़, बतौली के सेदम जलप्रपात, मैनपाट के उल्टापानी तथा जलजली पर्यटन स्थल, लुण्ड्रा के लमगांव पर्यटन स्थल सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवा व अन्य सक्रिय लोगों के सहयोग से सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य कचरों को एकत्रित किया गया तथा नजदीकी सेग्रीगेशन शेड में लाकर या अन्य उचित माध्यम से प्रबंधन कराया गया। इसके साथ ही लोगों से अच्छे स्वच्छता व्यवहार हेतु स्वच्छाग्रह किया गया तथा स्वच्छता हेतु शपथ दिलायी गई।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप जिले के पहले फूडपार्क की स्थापना

### » फूड प्रोसेसिंग उद्योग की शुरुआत से रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप सुदृढ़ ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार के अवसर एवं लोगों की आय में वृद्धि हेतु योजनाएं संचालित हैं। इसी कड़ी में कृषि उत्पादों के संरक्षण और प्रसंस्करण के लिए प्रदेश में फूडपार्क स्थापित किए जा रहे हैं जिसमें बुधवार को जिले के पहले फूडपार्क का लोकार्पण सीतापुर विकासखंड में किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी परियोजना के अतंर्गत प्रस्तावित नवीन फूडपार्क की स्थापना ग्राम उलकिया में की गई। नवीन फूडपार्क की स्थापना हेतु राज्य शासन द्वारा 6 करोड़ 27 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।







प्रदेश के विकास के उद्देश्य स्वरूप मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार सरगुजा के सीतापुर के ग्राम उलकिया में फूडपार्क की स्थापना की गई है। फूडपार्क में फूड प्रोसेसिंग उद्योग से कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण में आसानी होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी फूडपार्क के लिए बिजली, पानी और आवागमन की सुविधा की आवश्यकता होती है। इन सभी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशा हर वर्ग की उन्नति और प्रगति हेतु केंद्रित है। उन्होंने सभी लोगों को इस अवसर पर बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जिले को यह सौगात मिली है। फूड पार्क के माध्यम से यहां फूड प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू होगी। उद्यानिकी के फल और सब्जियों से जो पैकेज प्रोडक्ट बनते हैं, वे इस फूड पार्क में बनेंगे। लोगों की आय में वृद्धि की शासन की मंशा अनुरूप जिले में रीपा संचालित किए जा रहे हैं, इसी तर्ज पर फूडपार्क स्थापना के जरिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार मिलेगा। फूडपार्क की स्थापना से विकास के नए द्वारा खुलेंगे।

विश्वजीत सिंह, प्रबंधक,जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा फूडपार्क स्थापना के संबंध में जानकारी दी गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार 8.920 हेक्टेयर क्षेत्र का आधिपत्य जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा से सीएसआईडीसी को हस्तांतरित किया गया है। उक्त प्रस्तावित नवीन फूडपार्क में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना के लिये 3000, 5000, 7500, 10000 वर्ग फीट क्षेत्रफल के लगभग 60 भूखण्ड प्रावधानित है, जिससे शासन को विभिन्न टैक्सों के माध्यम से राजस्व की प्राप्ति होगी। इस नवीन फूडपार्क के स्थापना होने से स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय के छात्राओं को संसदीय सचिव के हाथों मिला सायकल

**- संवाददाता -**
**कुसमी,27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विकासखंड के सेमरा ग्राम में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक चिंतामणि महाराज सरस्वती सायकल वितरण योजना के कार्यक्रम पहुंचे जहां पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा संस्कृत में स्वागत गीत गाकर का अतिथियों का स्वागत किया गया,वही कार्यक्रम में संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज ने लोगो को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार की उपलब्धि एवं योजनाओं के बारे में बताया साथ ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय के जरिए ग्रामीण क्षेत्र के किसान गरीब के बच्चो को अच्छी शिक्षा मिलने की बात कही, वही सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओ को निःशुल्क सायकल का वितरण विधायक के द्वारा किया गया,वही कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य अविनाश कुमार मिश्रा एवं विद्यालय के स्टाफ के द्वारा किया गया।

CMYK

# जब 2 और 3...दोनों विधायक का परफॉर्मेंस खराब होना बताया जा रहा है तो फिर एक पर ही टिकट कटने की कार्यवाही क्यों होगी?

## क्या विधानसभा 2 व 3 दोनों में कांग्रेस पार्टी से महिला विधायक प्रत्याशियों को मिलेगा मौका?

## कोरबा लोकसभा अंतर्गत आठ विधानसभा सीटों में से दो से महिला प्रत्याशियों को प्रत्याशी बनाया जाना तय,तो क्या 2 व 3 नंबर विधानसभा ही होगा सही?

## मनेंद्रगढ़ से प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस को हो सकता है नुकसान यह भी है जनचर्चा

### कांग्रेस दो विधानसभाओं में महिला प्रत्याशी चुनाव में उतार सकती है

वैसे सत्ताधारी दल प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाली विधानसभाओं में से दो विधानसभाओं में महिला प्रत्याशी चुनाव में उतार सकती है और मनेंद्रगढ़ से भी पार्टी एक महिला प्रत्याशी पर ही दांव लगाएगी ऐसी बातें सामने आ रही हैं ऐसे में यह भी माना जा रहा है की मनेंद्रगढ़ विधायक का टिकट कटना लगभग तय है। वहीं बैकुंठपुर विधानसभा से वर्तमान में भी महिला विधायक ही निर्वाचित हैं सत्ताधारी दल से और भले ही उन की संगठन के वरिष्ठ सहित छोटे कार्यकर्ताओं से दूरी कायम है उन्हे भी पार्टी प्रत्याशी बनाएगी ऐसे में परफॉर्मेंस के आधार पर एक ही का टिकट क्यों काटा जा रहा है जबकि दो विधायकों का परफॉर्मेंस खराब है। वैसे यदि विधानसभा क्रमांक 2 और 3 नंबर के वर्तमान विधायकों को लेकर उनके आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी होने की स्थिति में यदि लोगों के आंकलन और जन चर्चा की बात की जाए तो क्रमांक 3 नंबर के विधायक फिलहाल उतनी भी बुरी स्थिति में नहीं हैं जितनी हार की संभावनाओं को लेकर बैकुंठपुर विधानसभा की वर्तमान विधायक की चर्चा है। बैकुंठपुर विधानसभा से कम से कम बेहतर स्थिति में हैं मनेंद्रगढ़ विधायक।

### चिरमिरी क्षेत्र से विधायक पद छीना आक्रोश बढ़ावा देने जैसा,सत्ताधारी दल को नुकसान होना भी तय

वैसे मनेंद्रगढ़ विधायक हाल फिलहाल में संगठन में खुद को कम शामिल पा रहे हैं और उन्हे कहीं न कहीं वही झेलना पड़ रहा है जो पांच सालों तक संगठन के लोगों ने झेला था और आज चुनाव समीप आते ही संगठन हावी है और ऐसे में विधायक का कमजोर पड़ना लाजमी है वहीं यदि जमीनी पकड़ और चुनाव की जीत हार की बात की जाए तो मनेंद्रगढ़ के वर्तमान विधायक इतनी भी बुरी स्थिति में नहीं हैं की उन्हे हार का ही सामना करना पड़ेगा, उनके कुछ कामों को लेकर जनता भी फिलहाल उनके लिए कुछ सहनुभूति रखती नजर आ रही है जिसकी वजह से वह हार ही जाने वाले हैं और इसलिए उनका टिकट कटना तय है यह कहना गलत होगा। वैसे सत्ताधारी दल की यदि बात मनेंद्रगढ़ विधानसभा को लेकर की जाए तो मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस पार्टी के लिए प्रत्याशी चुनना नुकसानदायक साबित हो सकता है क्योंकि जिला मुख्यालय की मांग चिरमिरी ने अभी छोड़ी नहीं है और ऐसे में यदि उनसे या उनके क्षेत्र से विधायक पद भी छीना जाएगा उनका आक्रोश बढ़ जाएगा और वह निश्चित तौर पर दूसरा विकल्प तलाशेंगे और ऐसे में सत्ताधारी दल को नुकसान होना तय है। वैसे मनेंद्रगढ़ विधानसभा के तीन प्रमुख क्षेत्र शामिल होते हैं जहां के लोग मतदान करते हैं जिसमे मनेंद्रगढ़,चिरमिरी,खड़गवां क्षेत्र ही प्रमुख है जहां के मतदाता अपना विधायक चुनते हैं वहीं यदि पिछले चुनावों की यदि बात की जाए तो मनेंद्रगढ़ क्षेत्र से भाजपा को कभी बढ़त नहीं मिली,यहां तक की भाजपा कई चुनावों में एक निश्चित मतों का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी, इस क्षेत्र से कांग्रेस ही हमेशा आगे रही वहीं कांग्रेस ने ही मनेंद्रगढ़ को जिला बनाया है और वर्तमान विधायक की मांग पर बनाया है ऐसे में इस बार मनेंद्रगढ़ क्षेत्र से कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी बड़े मतों से आगे रहेगा भले ही वह वर्तमान विधायक ही क्यों न हों यह तय है इस बार मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस पिछले चुनावों से भी ज्यादा मतों से आगे रहेगी यह भी तय है वहीं अब पार्टी यदि चिरमिरी क्षेत्र से प्रत्याशी बनाती है तो मनेंद्रगढ़ सहित चिरमिरी क्षेत्र मिलकर पार्टी के लिए जीत का मार्ग तय कर देंगे यह भी कहा जा सकता है रही बात खड़गवां की तो वहां से कोई दावेदार उतना मजबूत है भी नहीं जो आगे आए या जिसपर पार्टी ही विश्वास जता पाए, इस तरह पार्टी के लिए चिरमिरी क्षेत्र से ही प्रत्याशी चयन फायदेमंद होगा वरना मनेंद्रगढ़ से प्रत्याशी बनाए जाने पर चिरमिरी क्षेत्र की नाराजगी झेलनी होगी और पार्टी को नुकसान भी होना तय नजर आ रहा है।

### मनेंद्रगढ़ कांग्रेस का वैसे भी अभेद किला,जिला निर्माण किले के लिए नई कील,ऐसे में चिरमिरी क्षेत्र से ही प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस को होगा फायदा

### चिरमिरी क्षेत्र वैसे ही जिला मुख्यालय की मांग को लेकर है नाराज,ऐसे में विधानसभा प्रत्याशी भी क्षेत्र से नहीं चुने जाने पर दिख सकता है वहां के जनता का आक्रोश

-रवि सिंह-
कोरिया,एमसीबी 27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया जिले में तीन विधानसभाएं आती हैं, जिनका क्रम भी पूरे प्रदेश की 90 विधानसभाओं में यदि देखा जाए तो 1,2,3 है, वहीं सत्ताधारी दल के हिसाब से आगामी चुनाव के मद्देनजर यदि अविभाजित कोरिया जिले की तीनो विधानसभाओं की बात की जाए और यहां प्रत्याशियों के चयन की बात की जाए तो क्रमांक 1 विधानसभा जिसे भरतपुर सोनहत विधानसभा के नाम से जाना जाता है वहां वर्तमान विधायक ही प्रत्याशी होंगे उनका न ही फिलहाल विरोध कहीं नजर आता है और न ही उनके विरुद्ध किसी अन्य ने ही दावेदारी की है जिससे यह भी स्पष्ट हो जाता है की क्रमांक 1 विधानसभा में सत्ताधारी दल एकजुट होकर लड़ेगा और आज की स्थिति की बात की जाए तो वहां जीत सत्ताधारी दल की सुनिश्चित मानी जा रही है। वहीं क्रमांक 2 व क्रमांक 3 नंबर विधानसभाओं को लेकर बात की जाए तो यहां के दोनों विधायकों का परफॉर्मेंस खराब आंका गया है सबसे ज्यादा खराब स्थिति संगठन से तालमेल को लेकर है और दोनो ही जगह पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से लेकर छोटे छोटे कार्यकर्ता भी विधायकों से नाराज हैं जिसका उदाहरण भी देखने को सोशल मिडिया में वहीं सार्वजनिक आयोजनों पार्टी कार्यक्रमों में मिलता रहता है जब विधायकों के खिलाफ ही वरिष्ठ सहित छोटे कार्यकर्ताओं का आक्रोश झलकता है।

सत्ताधारी दल अपने विधायकों के परफॉर्मेंस का लगातार आंकलन करवाती चली आ रही है वह समय समय पर अपना आंतरिक सर्वे भी करवाती आई है वहीं एल आई बी रिपोर्टों का भी पार्टी अध्ययन करती रही है वहीं इन सभी आंकलन और आंतरिक सर्वे रिपोर्ट अनुसार पार्टी ने भी माना है जैसा की सूत्रों का दावा है की क्रमांक 2,और 3 नंबर की विधानसभाओं में पार्टी के लिए वर्तमान विधायक कमजोर साबित पड़ सकते हैं और ऐसा ही जन चर्चाओं में भी सुनने को मिलता रहता है की अविभाजित जिले की दो विधानसभाओं में वर्तमान विधायकों के भरोसे जीत सुनिश्चित सत्ताधारी दल की नजर नही आती है।वहीं पार्टी परफार्मेंस के आधार पर टिकट काटेगी यह भी पार्टी के अंदरखाने की ही बातें हैं जो सूत्रों का भी दावा है। वहीं बताया यह भी जा रहा है की अविभाजित जिले में मनेंद्रगढ़ से वर्तमान विधायक का टिकट पार्टी काट सकती है वहीं कुछ का तो यह भी कहना है काट ही चुकी है, ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है की जब अविभाजित जिले के दो विधानसभाओं के दो विधायकों का परफॉर्मेंस खराब सामने आया है तो एक का ही टिकट मनेंद्रगढ़ विधायक का ही टिकट पार्टी क्यों काट रही है, क्रमांक 3 विधानसभा में पार्टी खराब परफॉर्मेंस साथ ही संगठन के लगातार अंदरूनी विरोध के बावजूद क्यों वर्तमान पर ही दांव लगाने तैयार है यह भी बड़ा सवाल है?


फाईल:फोटो

### यदि परफॉर्मेंस पर विचार किया जाए तो 2 नंबर विधायक का परफॉर्मेंस 3 नंबर से बेहतर

यदि अविभाजित कोरिया जिले की तीन विधानसभाओं में से दो विधानसभाओं की बात की जाए जो क्रमांक 2 और 3 के नंबर से जानी जाती हैं तो यहां के विधायकों में से क्रमांक 2 का परफॉर्मेंस क्रमांक 3 से काफी बेहतर है यदि तुलनात्मक रूप से बात की जाए तो,विधानसभा क्रमांक 2 और 3 के ही लोगों की बात यदि मानी जाए तो वहां के लोगों का अलग अलग जो मानना है उसके अनुसार विधानसभा क्रमांक 2 के विधायक विधानसभा क्रमांक 3 की अपेक्षा ज्यादा मजबूत नजर आते हैं।उसके पीछे के कारणों पर यदि लोगों की राय समझी जाए तो उनका कहना है की मनेंद्रगढ़ विधायक कर आरोप लगते रहे उन्हे कई बार कई मंचो पर विरोध भी झेलना पड़ा जिसमे जिला मुख्यालय को ही लेकर विरोध प्रदर्शन और पदयात्रा की बात शामिल है तब विधायक मैदान छोड़कर भागे नहीं उन्होंने उस समय जनता से सीधा संवाद किया,विपक्ष के भी आरोपों से मनेंद्रगढ़ विधायक भागे नहीं उन्होंने विपक्ष को भी सामने आकर जवाब दिया वहीं उन्होंने विपक्ष को ही कई मामलो मे दागदार बना दिया जिसका एक उदाहरण हाल का ही है जिसमे विपक्ष को अपना एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी बदलना पड़ा वहीं बैकुंठपुर विधायक आरोपों से सामना करने सामने कभी नहीं नजर आई और उन्होंने आरोप लगने पर कभी सामने आकर न ही सफाई दी जो उन्हे मनेंद्रगढ़ विधायक की तुलना में कमजोर प्रत्याशी साबित करता है।मनेंद्रगढ़ विधायक के पास आज कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है वहीं उनके साथ अभी भी संगठन का आधा धड़ा मौजूद है जबकि बैकुंठपुर विधायक के साथ आज जो नजर आ रहे हैं वह उनके साथ पिछले चुनाव में नहीं थे वहीं जो पिछले चुनाव में उनके साथ थे वह आज अलग रास्ते निकल चुके हैं,संगठन में भी उनका कोई समर्थक है यह भी नजर नहीं आता है।

### क्या मनेन्द्रगढ़ से प्रत्याशी चुनकर जीत सुनिश्चित कर पाएगी कांग्रेस?

कांग्रेस पार्टी का विरोध खुलकर सामने नहीं दिख रहा है वहीं सरकार के कामकाज का भी जनता में कोई विरोध देखने को फिलहाल नहीं मिल रहा है यदि विरोध और आक्रोश कहीं नजर आ रहा है तो वह है वर्तमान विधायकों को लेकर जो बैकुंठपुर विधानसभा सहित मनेंद्रगढ़ विधानसभा में ज्यादा देखा जा रहा है अविभाजित कोरिया जिले में। विरोध विधायकों का जनता में भी है और सबसे ज्यादा विरोध कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ कांग्रेसियों में देखा जा रहा है जो पांच साल से खुद को उपेक्षित मान रहे हैं,अब इसी आधार पर पार्टी टिकट भी काटने वाली है जिसमे मनेंद्रगढ़ विधायक का नाम टिकट कटने वाले विधायकों के नाम की सूची में प्रमुख नाम है जैसा सूत्रों का दावा है,वहीं अब सवाल यह भी उठ रहा है की यदि मनेंद्रगढ़ विधायक का टिकट कटता है तो किसे मौका मिल सकता है ऐसे में सूत्रों का यह भी दावा है की मनेंद्रगढ़ से इस बार किसी महिला को पार्टी उम्मीदवार बना सकती है वहीं मनेंद्रगढ़ से ही प्रत्याशी चयन की धारणा के साथ पार्टी टिकट देने पर विचार कर रही है,अब मनेद्रगढ़ से टिकट यदि पार्टी देती है किसी को तो क्या पार्टी को इसका फायदा मिलेगा या इसका नुकसान होगा पार्टी को,वैसे मनेंद्रगढ़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के लिए किस क्षेत्र का प्रत्याशी फायदेमंद हो सकता है इसको लेकर यदि राजनीति से जुड़े लोगों की बात मानी जाए तो उनका कहना यही है की मनेंद्रगढ़ से चिरमिरी क्षेत्र का ही प्रत्याशी कांग्रेस के लिए फायदेमंद हो सकता है क्योंकि मनेंद्रगढ़ शहर जिला मुख्यालय चाहता था जो उसे मिल गया अब वह इधर उधर जाने वाला नहीं किसी अन्य दल के पक्ष में वहीं चिरमिरी क्षेत्र फिलहाल नाराज है इसलिए विधायक पद पर उसी का हक यदि पार्टी तय कर देती है तो पार्टी की पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है।

### विधायक नंबर 3 के विरुद्ध 51 लोगों ने की दावेदारी तो वहीं विधायक नंबर 2 के विरूद्ध 21 ने दावेदारी पेश की

विधानसभा क्रमांक 2 और 3 में यदि विधायकों के विरोध और उनके खिलाफ पार्टी से ही आक्रोश का यदि आंकलन किया जाए तो भी विधानसभा क्रमांक 2 के विधायक के विरुद्ध 22 लोगों ने ही दावेदारी पेश की वहीं यदि क्रमांक 3 की विधायक या उनके विरुद्ध दावेदारों की संख्या की बात की जाए तो वह 51 रही जो बहुत ज्यादा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है की क्रमांक 2 से क्रमांक 3 का विरोध ज्यादा है,वैसे जिन्होंने भी विधायकों के खिलाफ जाकर दावेदारी की है सभी कांग्रेस के ही सक्रिय कार्यकर्ता हैं पार्टी के ही पदाधिकारी हैं और टिकट जिसे मिले प्रत्याशी जिसे बनाया जाए काम उसके लिए इन्हीं को मिलकर करना है।वहीं यह भी माना जाता है की मनेंद्रगढ़ विधायक का सामने से दिख रहा विरोध वह एक दिन में खत्म कर लेंगे उन्हे बस प्रत्याशी बनने का इंतजार है और उसके बाद वह अपनी जीत सुनिश्चित कर लेंगे यह लोगों का मानना है वहीं बैकुंठपुर की बात की जाए तो इस विधानसभा से सभी नाराज कांग्रेसी वर्तमान विधायक को टिकट मिलने की स्थिति में एकजुट होकर किसी पार्टी के ही निर्दल होकर चुनाव में उतरने वाले के साथ वह जा सकते हैं जिसकी संभावना ज्यादा बनती देखी जा रही है।

## मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्य हेतु मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन




-संवाददाता-
कोरिया,27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 12 से 18 सितम्बर तक जिला स्तर के विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन रायपुर में किया गया था। नोडल अधिकारियों को प्राप्त प्रशिक्षण उपरान्त जिला स्तर पर मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्य हेतु मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति कर जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें राज्य से प्राप्त प्रशिक्षण को बिन्दूवार जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को बताया गया एवं त्रुटिरहित निर्वाचन कार्य के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त नोडल अधिकारी राकेश कुमार साहू डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैड,केके गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता एवं मास्टर ट्रेनर.एम.सी. हिमधर सहायक प्राध्यापक पी,जी कालेज बैकुण्ठपुर एवं मास्टर ट्रेनर,श्रीमती नंदनी साहू निर्वाचन अधिकारी,कोरिया एवं नोडल अधिकारी मतदाता सूची चिन्हित प्रति, तुलाराम भारद्वाज कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र/ईटीपीबीएस, विनय मोहन एमआईएस प्रशासन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरिया एवं मास्टर ट्रेनर.नीलम टोप्पो संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी एमसीसी एवं ईईएम, ऑकार साय सहायक कोषालय अधिकारी, शैलेन्द्र गुप्ता व्याख्याता डाईट कोरिया, श्रीमती चांदनी कंवर डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सामग्री वितरण एवं वापसी एवं डीईएमपी, प्रकाश तिवारी सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया महेश शिवहरे व्याखयाता सारा बैकुण्ठपुर द्वारा विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया।



## जेल निरीक्षण समिति ने किया जिला जेल बैकुण्ठपुर व उपजेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरिया,27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्षन जिले में गठित जेल निरीक्षण समिति द्वारा बैकुण्ठपुर एवं उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल मे निरूद्व बंदियो से उम्र के संबध मे पूछताछ की गई तथा बैकुण्ठपुर जेल में 157 बंदी तथा मनेन्द्रगढ़ मे कुल 264 बंदी से उम्र के संबध में पूछताछ की गई। गौरतलब है कि निरीक्षण दल द्वारा प्रत्येक तीन माह मे जेलो का निरीक्षण इस उददेश्य से किया जाता है कि जेल मे ऐसे बंदी तो नही है जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम की हो जो कि त्रुटिपूर्ण तरीके से जेलो मे निरूद्व हो गये हो। साथ ही बंदियों के बच्चों का सही देखरेख व संरक्षण हो। निरीक्षण दल में सदस्य किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती माधुरी गुप्ता,पंकज कुमार वर्मा विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता अमित श्रीवास्तव,संजीव कुमार साहू आउटरीच वर्कर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग शामिल थे।

## जिले में किया गया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन



-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,27 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।



एकीकृत बाल विकास परियोनजा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर अन्तर्गत पर्यवेक्षक परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ शहरी में 19 सितम्बर 2023 को बेटी बचाओ बेटी बचाओ अभियान तथा पोषण माह का आयोजन मनेन्द्रगढ़ शहर में स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल रही थी। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्यामसुन्दर पोद्दार, श्रीमती गौरी केरकेट्टा व श्रीमती बबीता कौर भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भारत शासन की विशिष्ट योजनाओं में से एक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात को बढ़ावा देना है। इस योजना के मुख्य घटकों में शामिल हैं, राष्ट्रव्यापी जागरूकता और प्रचार अभियान चलाना है एवं उन क्षेत्रों से संबंधित कार्य करना है। बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर संवेदनशील और जागरूक बनाकर तथा सामुदायिक एकजुटता के माध्यम से उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया जाना है।

कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री आरके खाती विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बेटी बचाओं बेटी बचाओ अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम एवं योजनाओं की जानकारी के साथ महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित अधिनियमों कानूनों से उपस्थित हितग्राहियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती प्रभा पटेल अध्यक्ष नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ द्वारा विभागीय संदेशों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आग्रह पूर्वक संदेश दिया गया तथा कार्यक्रम में 06 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 04 बच्चों का अन्नप्रासन किया गया। इसके साथ ही 20 बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढाओं के तहत कैंप व टी शर्ट का वितरण किया गया।

## मामला एमसीबी नवीन जिले से जुड़ा हुआ,प्रतिष्ठित टीवी न्यूज चैनल पत्रकार पर प्रेस वार्ता कर लगाया गया आरोप

## पत्रकार द्वारा लगातार दी जा रही है धमकी यह भी आम आदमी पार्टी जिला सचिव का है आरोप

## पत्रकार ने विधायक के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी जिला सचिव पर झूठा अपराध पुलिस थाने में कराया है दर्ज यह भी प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी ने लगाया आरोप

# आम आदमी पार्टी जिला सचिव ने एक पत्रकार पर लगाए गंभीर आरोप

# बताया पत्रकार को खुद के लिए खतरा




विकास पाण्डेय
टी.व्ही. टॉवर रोड, मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)
आप
छत्तीसगढ़
विकास पाण्डेय
जिला सचिव
आम आदमी पा
जिला-एम.सी.बी. (छ

-रवि सिंह-
एमसीबी,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।
नवीन जिले के गठन के बाद से ही नवीन जिले की राजनीति काफी गर्मा गर्मी वाली देखी जा रही है साथ ही नवीन जिले में हाल ही में राष्ट्रीय दल होने का दर्जा दर्ज करा चुकी आम आदमी पार्टी की भी सक्रियता काफी बढ़ी है और तभी से जिले की राजनीति में और अधिक गर्माहट देखने को मिल रही है जो चुनाव का समय जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे बढ़ती जा रही है यह महसूस किया जा रहा है नजर आ रहा है। नवीन जिले में आम आदमी पार्टी की सक्रियता काफी बढ़ी हुई नजर आ रही है इसकी बानगी तब देखने को मिली थी जब आम आदमी पार्टी ने पांच बिंदुओ के समाधान को लेकर पांच समस्याओं शिकायतों के समाधान को लेकर जिला मुख्यालय में मोर्चा खोल दिया था धरना दे दिया था और जिसका परिणाम भी देखने को मिला और प्रशासन को धरना समाप्त कराने आश्वासन भी देना पड़ा धरना समाप्त करा पाने में तो प्रशासन सफल रहा लेकिन जब धरना समाप्त हुआ तब आम आदमी पार्टी का एक अनोखा विरोध सामने आया जिसमे पार्टी ने एक पत्रकार प्रतिष्ठित टीवी न्यूज चैनल पत्रकार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया और उसको लेकर सरेआम बीच शहर ऐसा कुछ कह डाला माइक लगाकर की जिससे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता भी सवालों के घेरे में आ गया। आम आदमी पार्टी ने जिले के एक प्रतिष्ठित माने जाने वाले वरिष्ठ टीवी न्यूज पत्रकार के बारे में मंच से माइक लगाकर यह कहा की वह विधायक स्वेक्षानुदान जो गरीब वंचितों सहित जरूरतमंदो का हक है में लाभार्थी बन रहें।

### पत्रकार से खतरे की कही है बात,अपनी सुरक्षा की आम आदमी पार्टी पदाधिकारी ने की है मांग,क्या प्रशासन लेगा मामले को गंभीरता से संज्ञान?

आम आदमी पार्टी के जिला सचिव ने एक प्रतिष्ठित टीवी न्यूज चैनल के पत्रकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं पत्रकार से खुद को खतरा बताया है सुरक्षा की मांग प्रशासन से की गई है। अब प्रशासन क्या मामले की गंभीरता पर ध्यान देगा क्या वह आम आदमी पार्टी के जिला सचिव को सुरक्षा मुहैया कराएगा। वैसे आम आदमी पार्टी जिला सचिव ने यह भी आरोप लगाया है संभावना व्यक्त की है की उनके साथ कुछ भी अप्रिय पत्रकार कर सकते हैं जिसका उन्हे भय है,क्या मामले को लेकर प्रशासन गंभीरता प्रदर्शित करेगा आम आदमी पार्टी नेताओं को सुरक्षा का आश्वाशन देगा यह देखने वाली बात होगी। आम आदमी पार्टी नेताओं पर जो अपराध जनकपुर थाने में हुआ है दर्ज,जैसा उनका ही है आरोप की मामला है फर्जी,क्या मामले में होगी निष्पक्ष जांच?* आम आदमी पार्टी नेताओं ने प्रेस वार्ता में बताया है की उनके कुछ पदाधिकारियों पर एक पत्रकार ने साजिश के तहत जनकपुर पुलिस थाने में अपराध दर्ज कराया है पत्रकार ने अपराध दर्ज कराने के लिए आम आदमी पार्टी से निष्काशित लोगों का सहारा लिया है यह भी पार्टी ने आरोप लगाया है और जो अपराध दर्ज कराया गया है वह निराधार है बिना सबूतों के दर्ज अपराध है यह भी पार्टी का आरोप है अब ऐसे में क्या मामले का निष्पक्ष जांच प्रशासन कराएगा वहीं आम आदमी पार्टी ने सबूतों की मांग की है जिसके आधार पर उनके पदाधिकारियों पर अपराध दर्ज कराया गया है सवाल यह भी है क्या उन्हे सबूत उपलब्ध कराए जाएंगे।वैसे प्रशासन मामले में किस तरह का निर्णय लेगा यह देखने वाली बात होगी वहीं यदि आम आदमी पार्टी नेताओं की बात सही है तो यह भी गंभीर मामला कहा जा सकता है की बिना किसी प्रमाण ठोस कैसे अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वैसे आम आदमी पार्टी ने प्रशासन से इस उम्मीद से गुहार लगाई है की उन्हे न्याय मिलेगा और बिना कोई दोष साबित हुए बिना उन्हे आरोपी बनाए जाने पर प्रशासन भी संज्ञान लेगा।

### आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों पर अपराध पंजीबद्ध होना क्रिया की ही प्रतिक्रिया तो नही

वैसे आम आदमी पार्टी ने मनेंद्रगढ़ शहर में जिस तरह सरेआम एक टीवी न्यूज चैनल पत्रकार की फजीहत की जिस तरह उनके स्वेक्षानुदान लेने की बात को जोकि उन्होंने अपने पुत्र के नाम से प्राप्त की वह भी गलत पता दर्ज कराकर जो छिपी हुई बात थी को उजागर किया उसके बाद पार्टी के द्वारा पत्रकार पर षड्यंत्र का आरोप लगाया जाना क्रिया की प्रतिक्रिया कही जा सकती है। जो फजीहत पत्रकार की आम आदमी पार्टी ने सरेआम की और जिस तरह उनसे गरीबों से माफी मांगने की बात आम आदमी पार्टी ने की उसके बाद से ही पत्रकार काफी सदमे में थे यह वहीं के लोगों का कहना है और यह भी कहना है की उनकी प्रतिष्ठा को एक ही पल में आम आदमी पार्टी ने धराशाई कर दिया था और वहीं चुकीं आरोप कहीं न कहीं सही थे स्वेक्षानुदान उन्होंने अपने पुत्र के नाम से गलत पता दर्ज कराकर लिया ही था और जिसकी वजह से वह कानूनी रूप से कुछ कर पाने में भी सक्षम नहीं थे इसलिए वह कहीं किसी मामले में शामिल भी हो सकते हैं आम आदमी पार्टी नेताओं के विरुद्ध इस आशंका से भी इंकार नही किया जा सकता यह भी लोगों के कहना है।

### आम आदमी पार्टी के आरोपों में कितनी है सच्चाई होनी चाहिए जांच

आम आदमी पार्टी ने जो आरोप एक प्रतिष्ठित टीवी न्यूज चैनल के पत्रकार को लेकर लगाए हैं उनकी जांच प्रशासन को करानी चाहिए,आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा रखने वाली पार्टी है वहीं वह वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाना चाहती है।वाम आदमी पार्टी बड़ी तेज़ी से प्रचार प्रसार में भी लगी हुई है वहीं वह अपना संगठन भी विस्तारित कर रही है ऐसे में यदि उसके किसी पार्टी पदाधिकारी ने किसी पर कोई आरोप लगाए हैं शिकायत की है तो उसकी जांच प्रशासन को करना चाहिए। चुनावी वर्ष में वहीं चुनाव में सभी को अपने अपने दल और अपनी विचारधारा अनुसार जनता के बीच जाने का अधिकार है और वह यदि सही मायने में बाधित किया जा रहा है आरोप लग रहा है तो जांच निष्पक्ष होनी ही चाहिए।

### आम आदमी पार्टी ने जिस पत्रकार पर लगाए हैं आरोप कुछ दिनों पहले उसी पत्रकार की सरेआम वह कर चुके हैं फजीहत,वह भी माइक लगाकर

आम आदमी पार्टी ने जिस पत्रकार प्रतिष्ठित टीवी न्यूज पत्रकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं प्रेस वार्ता के दौरान उसी पत्रकार की वह सरेआम फजीहत कर चुके हैं,स्वेक्षानुदान मामले में पत्रकार की बीच शहर आम आदमी पार्टी ने इस कदर फजीहत की थी की पत्रकार भी तभी से सदमे में हैं और मामले में कुछ भी कहने से बचते चले आ रहे थे,आम आदमी पार्टी ने जिस दिन पत्रकार की फजीहत की थी सरेआम उस दिन पार्टी ने माइक लगाकर पत्रकार को गरीब वंचितों जरूरतमंदों का हक मारने वाला कहा था और गरीब वंचितों जरूरतमंदों का हक मारने की बात स्वीकार करते हुए पत्रकार उनसे माफी मांगे यह भी आम आदमी पार्टी ने नसीहत दी थी,बता दें की आम आदमी पार्टी ने उक्त पत्रकार को लेकर यह भी कहा था की उन्होंने गरीब वंचितों का जरूरतमंद लोगों का हक छीनने के लिए अपने पुत्र के नाम का सहारा लिया है और वह भी अपने निवास के विधानसभा क्षेत्र के लोगों का भी नहीं उन्होंने दूसरे विधानसभा का गलत तरीके से अपने पुत्र को निवासी साबित करते हुए दूसरे विधानसभा के विधायक से स्वेक्षानुदान राशि पुत्र के नाम से प्राप्त की जो गलत है।

### आम आदमी पार्टी ने फिर पत्रकार पर हमला बोला

एमसीबी जिले में आम आदमी पार्टी ने फिर पत्रकार पर हमला बोला है और पत्रकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और यह वही पत्रकार हैं जिनको लेकर आम आदमी पार्टी का सरेआम माइक लगाकर किया गया विरोध अभी लोग भूले भी नहीं थे अभी सभी की स्मृतियों में वह मामला धूमिल भी नहीं हुआ था । जिले के पत्रकार टीवी न्यूज पत्रकार पर दूसरी बार आम आदमी पार्टी के जिला सचिव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर यह आरोप लगाया है की पत्रकार द्वारा जिला सचिव आम आदमी पार्टी को धमकी दी जा रही है और पत्रकार से जिला सचिव आदमी पार्टी को खतरा है और यदि इस दौरान उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एक पत्रकार की होगी वहीं जिला सचिव आम आदमी पार्टी ने प्रशासन से अपने लिए इसी मामले अंतर्गत सुरक्षा की भी मांग की गई है।

### पत्रकार वार्ता आम आदमी की संपन्न

मामले में जो जानकारी सामने आई है और जो पत्रकार वार्ता आम आदमी की संपन्न हुई है उसके अनुसार आम आदमी पार्टी के जिला सचिव एमसीबी विकास पाण्डेय ने मनेंद्रगढ़ में प्रेस वार्ता आयोजित की, उन्होंने इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने अपनी बात रखते हुए प्रेस वार्ता में बताया की आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक तैयारी में ग्राम समिति और वार्ड समिति का गठन 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वहीं पार्टी के कार्यकर्ता गारंटी कार्ड के माध्यम से जो अरविंद केजरीवाल की तरफ से 10 गारंटी है गांव गांव तक पहुंचा रहे हैं वहीं जिला सचिव विकास पाण्डेय ने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी बताया की बीते शनिवार को पार्टी से ही निष्काशित 5 लोगों ने जो उगाही के आरोप उनके सहित पार्टी के रमाशंकर मिश्रा,सुखमंती सिंह पर लगाए हैं उसको लेकर कोई सबूत उन्होंने अब तक प्रस्तुत नहीं किया है और इसको लेकर झूठे आरोपों को लेकर एक दिन बाद सभी पर जिन्होंने झूठे आरोप लगाए हैं उनके खिलाफ मानहानि का नोटिस करवाया जायेगा और फिर भी आरोप लगाने वालों की तरफ से यदि सबूत सामने नही रखा जाता तो उचित कार्यवाही के लिए आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### जिला सचिव ने कहा एक पत्रकार ने आम आदमी पार्टी से निष्कासित लोगों से संपर्क पार्टी की छवि खराब करने के लिए पैसे देकर प्रेस वार्ता करवाई

वहीं जिला सचिव आम आदमी पार्टी ने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा की एक पत्रकार ने आम आदमी पार्टी से निष्कासित लोगों से संपर्क किया और आम आदमी पार्टी की छवि खराब करने के लिए पैसे देकर उसी पत्रकार ने उनसे प्रेस वार्ता करवाई। जिला सचिव ने प्रेस वार्ता में एक पत्रकार पर यह भी आरोप लगाया की उसी के द्वारा पार्टी के रमाशंकर मिश्रा साथ ही उनके खुद के विरुद्ध जनकपुर पुलिस थाने में अपराध पंजीबद्ध करवाया गया है।वहीं पत्रकार पर विधायक की चापलूसी और भ्रष्टाचार का भी आरोप मामले में प्रेस वार्ता के दौरान लगाया गया वहीं कलेक्टर एमसीबी से शिकायत की बात भी प्रेस वार्ता में इसी संबंध में किए जाने की बात बताई गई। जिला सचिव आप विकास पाण्डेय ने आगे यह भी बताया की आप से निष्कासित पांच लोगों में से दो लोग 22 सितंबर को ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में शामिल हो चुके हैं लेकिन विधायक के दबाव में आकर उन्होंने 23 सितंबर को आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों पर झूठे आरोप लगाए हैं। वहीं प्रेस वार्ता के अंत में टीवी न्यूज चैनल के पत्रकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला सचिव आप ने पत्रकार से उन्हे धमकी मिलने की बात कही गई वहीं किसी अप्रिय घटना घटित होने पर पत्रकार ही जिम्मेदार होंगे यह भी उन्होंने प्रेस वार्ता में दावा किया। सुरक्षा की मांग भी उन्होंने प्रशासन से की है उन्होंने जानकारी दी है।

# स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में 1 अक्टूबर को किया जाएगा श्रमदान





-संवाददाता-
बलरामपुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।
कलेक्टर रिमिजियुस एक्का की अध्यक्षता में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर एक्का ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के जिले में चल रहे तैयारियों पर समीक्षा करते हुए मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं की भी विकासखण्डवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जिले के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान से पूर्व मतदान केंद्रों के पहुंच मार्ग, भवन की स्थिति, विद्युत, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एपिक कार्ड के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली, तथा एपिक कार्ड का वितरण जल्द से जल्द करने को कहा। बैठक में श्री एक्का ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों को आपसी समन्वय के साथ चुनाव प्रक्रिया में सहभगिता दिखाने की बात कही। कलेक्टर श्री एक्का ने बैठक में कहा कि जिले में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सभी जिलों में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छ भारत बनाने के उद्देश्य से श्रमदान किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक विकासखण्ड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता बढ़ाने के लिए एक घंटे का श्रमदान किया जाएगा। संबंधित अधिकारी अपने आस-पास के क्षेत्रों में इस अभियान के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में संबंधित अधिकारियों द्वारा राईस मिलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने मिलों का भौतिक सत्यापन कर रहे अधिकारियों को जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विपणन अधिकारी से खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान उपार्जन के लिए बारदाने की व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली तथा पर्याप्त मात्रा में बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एक्का ने शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए गौठानवार गोबर खरीदी की मात्रा, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं भण्डारण तथा उठाव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजनांतर्गत सभी गौठानों में वर्मी खाद उठाव के साथ गोमूत्र खरीदी नियमित रूप से हो। कलेक्टर ने जिलों में गिरदावरी की प्रगति की भी समीक्षा की तथा समय-सीमा के भीतर गिरदावरी के कार्य को त्रुटीरहित शत-प्रतिशत पूरा करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आवास योजना अंतर्गत राशि अंतरण कर दी गई है, शीघ्र ही आवास के कार्यो को शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को शासन की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, अपर कलेक्टर द्वय एस.एस. पैकरा, श्री भागवत जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय, श्रीमती रुचि शर्मा, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की मांग एवं शिकायत



-संवाददाता-
बलरामपुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।
संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। जनदर्शन में मांग और शिकायत के संबंध में 14 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर अपर कलेक्टर द्वय एस.एस. पैकरा एवं श्री भागवत जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

जनदर्शन में ग्राम करमडीहा निवासी श्री बैजनाथ के द्वारा उसके स्वामित्व भूमि का बटवारा करने के संबंध में, ग्राम विशुनपुर निवासी सत्यनारायण सिंह के द्वारा राजस्व भूमि पट्टा प्रदान करने के संबंध में, ग्राम विशुनपुर निवासी माया सिंह के द्वार वन अधिकार पत्र के लिए दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने के संबंध में, ग्राम शंकरगढ़ निवासी विजय नारायण के द्वारा अर्जी लेखक का लायसेंस प्रदान करने के संबंध में, ग्राम जनकपुर निवासी धर्मपाल पण्डो द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति भर्ती अभियान के तहत भृत्य की नौकरी प्रदान करने के संबंध में, ग्राम ओकरा निवासी हीरासाय के द्वारा सीमांकन कराने के पश्चात अनावेदक द्वारा सीमांकन प्रतिवेदन नहीं देने के संबंध में, ग्राम बड़कीमहरी निवासी कौशल्या देवी एवं सरजू के द्वारा वन अधिकार पत्र प्रदान करने के संबंध में तथा अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये गये थे। प्राप्त आवेदनों पर अपर कलेक्टरों ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

# विश्व पर्यटन दिवस पर छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा पर हुआ स्वच्छता श्रमदान

## विधायक बृहस्पत सिंह ने श्रमदान कर पर्यटन स्थल को साफ रखने के लिए अपील




-संवाददाता-
बलरामपुर,27 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।
स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत कलेक्टर रिमिजियूस एक्का के मार्गदर्शन में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न पर्यटन, दर्शनीय और धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। बच्छराजकुंवर धाम में सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने श्रमदान कर पर्यटन स्थल को साफ रखने के लिए अपील की। इस अवसर पर विधायक श्री बृहस्पत सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही समृद्धि का द्वार है। हम किसी भी पर्यटक स्थल पर जाएं तो वहां की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। हमें बलरामपुर-रामानुजगंज जिले को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ समृद्ध बलरामपुर बनाना है। साथ ही स्थल पर उपस्थित लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की अपील की और उन्हें कपड़े के थैलीयों का उपयोग करने प्रेरित करते हुए उपस्थित लोगों को कपड़े के थैले का वितरण किया। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा में भी श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पर्यटन स्थल प्रकृति का अनुपम उपहार है, इस बहुमूल्य धरोहर की स्वच्छता इसका संरक्षण समुदाय की सहभागिता से ही संभव है इसके साथ ही जिले के पलटन घाट, तातापानी गर्मजल स्रोत, सामंत सरना डीपाडीह, बच्छराजकुंवर धाम आदि स्थलों पर वृहद स्तर पर ग्रामीणजन एवं कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्रा एवं ग्रामीणों ने नारा, स्लोगन एवं पम्पलेट के द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, जनपद के विकास विस्तार अधिकारी, करारोपण अधिकारी, ग्रामीणजन, छात्र-छात्राओं, ब्लॉक समन्वयकों ने स्वच्छता श्रमदान में बढ़चढ़ कर सहगाभिता निभाई।

CMYK

# एशियाई खेल में भारतीय खिलाड़ियों ने कर दी मेडलों की बारिश

**हांगझोऊ,27सितंबर2023।** रिदम सांगवान, मनु भाकर और ईशा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिफ्त कौर समरा, आशी चौकसे और मनिनी कौशिक की टीम ने रजत पदक जीता।
प्रतियोगिता के तीन दिनों में शूटिंग रेंज से ये भारत के छठा और सातवां पदक था।
चौथे दिन भारत को अधिक की उम्मीद है। भारतीय निशानेबाज महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन दोनों में भारतीय खिलाड़ी पदक की दौड़ में हैं। शॉटगन निशानेबाज पुरुषों और महिलाओं की स्कीट स्पर्धाओं में अपनी प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण से गुजर रहे हैं।
महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम ने बुधवार सुबह सुर्खियां बटोरीं। मनु, रिदम और ईशा की टीम ने वहीं से आगे बढ़ना जारी रखा जहां उन्होंने मंगलवार को पहले चरण के अंत में छोड़ा था और अच्छे प्रदर्शन के साथ देश को गौरवान्वित किया।
रैपिड फायर अनुभाग में सटीक राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ी पहले से ही बढ़त में थे।
वे 1759 के संयुक्त स्कोर के साथ चीन से आगे रहे, जिसका स्कोर 1756 था और कोरिया ने 1742 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।
सटीक निशानेबाजी के पहले दिन के अंत में, चीनियों के 874 की तुलना में भारतीय खिलाड़ियों का कुल स्कोर 887 था। बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 883 का स्कोर बनाया, जबकि चीनियों ने 882 का स्कोर बनाया, जिससे उन्होंने भारतीयों को कड़ी टक्कर दी।
अंत में, दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीयों को बड़ा फायदा हुआ- विशेषकर शुरुआती श्रृंखला में जिसमें उन्होंने 292 अंक हासिल किए, जबकि चीनी केवल 288 अंक ही बना सके।
इससे पहले, सिफ्त, आशी और मनिनी ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन में रजत पदक जीता था। भारतीय टीम कुल 1764 अंकों के साथ चीनी टीम से पीछे रही।
सिफ्त, मनिनी और आशी की भारतीय टीम ने 1764 का कुल स्कोर बनाया और हान जे, ज़िया एस और झांग क्यू की चीनी टीम से पीछे रही, जिनका कुल स्कोर 1773 था। कोरिया गणराज्य 1756 के स्कोर के साथ कांस्य पदक के लिए तीसरे स्थान पर रहा।

### चौथे दिन शूटिंग में भारत को एक गोल्ड,एक सिल्वर

चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों की महिला 25 मीटर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में भारतीय टीम ने बुधवार को स्वर्ण पदक जीता, जबकि 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन महिला टीम ने रजत पदक अपने नाम किया।
25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की मजबूत तिकड़ी ने सटीक निशाना लगाते हुये रैपिड राउंड के बाद कुल 1,759 का स्कोर बनाया और चीन तथा दक्षिण कोरिया को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।
चौथे दिन की शुरुआत सिल्वर मेडल से हुई। सिफ्त समरा, आशी चौकसे और मानिनी कौशिक की तिकड़ी 50 मीटर राइफल 3-पी टीम स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रही। चीन ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया गणराज्य को कांस्य पदक मिला।
इससे पहले, सिफ्त ने कुल 594 अंक हासिल कर व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया था, जबकि आशी ने छठे स्थान पर रहकर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।




## महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग में भारत ने जीता स्वर्ण

### चीन के झांग बोहेंग ने एशियाड में पुरुषों का ऑल-अराउंड जिम्नास्टिक खिताब जीता

विश्व चैंपियन चीन के झांग बोहेंग ने एशियाई खेलों में 89.299 अंकों के स्कोर के साथ पुरुषों का ऑल-अराउंड जिम्नास्टिक खिताब जीत लिया है।
रिपोर्ट के अनुसार, जापान के ताकेरू किताजोनो 87.032 के साथ दूसरे स्थान पर रहे और एक अन्य चीनी जिमनास्ट लैन ज़िंग्यू ने 84.965 के साथ कांस्य पदक जीता।
झांग ने अपनी पूरी दिनचर्या के दौरान छह उपकरणों पर लगातार प्रदर्शन किया। उनकेकुल में फर्श पर14.500,पोमेल हॉर्स पर 14.600, रिंग्स पर14.933, वॉल्ट पर 14.600, पैरेलल बार पर 15.466 और हॉरिजॉन्टल बार पर 15.200 शामिल थे।
23 वर्षीय झांग ने कहा, यह एक बड़ी सफलता है। मुझे पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद है।
झांग के कट्टर प्रतिद्वंद्वी, डाइकी हाशिमोटो ने एशियाड को छोड़ने का विकल्प चुना है क्योंकि इसका शेड्यूल आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप के साथ टकरा रहा है, जो 30 सितंबर से 8 अक्टूबर तक एंटवर्प, बेल्जियम में होगा, लेकिन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दो ऑलराउंडरों के बीच मुकाबला अगले साल के ओलंपिक पर मंडरा रहा है।
मंगलवार के फाइनल में चौथे स्थान पर रहे जापान के शोहेई कावाकामी ने कहा, चीन के झांग ने हमें अपनी ताकत दिखाई। मुझे यह पता लगाना होगा कि अगले साल उनके साथ अंतर कैसे भरा जाए।

### गोल्ड जीतकर भारतीय निशानेबाज सिफ्त कौर ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

भारत की सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन व्यक्तिगत प्रतियोगिता में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।
469.6 के स्कोर के साथ सिफ्त ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने एशियाई खेल रिकॉर्ड और सबसे कठिन शूटिंग प्रति योगिताओं में से एक में शीर्ष पर रहने का एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। यह घुटने टेकने, झुकने और खड़े होने में निशानेबाज की क्षमताओं का परीक्षण करता है।
सिफ्त ने ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश के 467.0 के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने इस साल मई में बाकू में आईएसएसएफविश्व कप में यह उपलब्धि हासिल की थी।
भारत की आशी चौकसे (451.9) ने इस वर्ग में कांस्य पदक जीता और चीन की क्यूनग्यू झांग (462.3) को पीछे छोड़ा। इससे पहले, सिफ्त और आशी ने अपनी साथी मनिनी कौशिक के साथ महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

# डोप टेस्ट के डर से दिल्ली स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप से भागे एथलीट

### 100 मीटर रेस के फाइनल में अकेले दौड़े ललित कुमार


**दिल्ली,27 सितंबर 2023।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के वॉर्म-अप ट्रैक पर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन एथलीट्स नजर नहीं आए। दरअसल, इस दौरान एथलीट्स में नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी का खौफ देखने को मिला। बुधवार 27 सितंबर को एंटी डोपिंग एजेंसी के अधिकारियों को देखकर एथलीट्स भाग गए। एक दिन पहले स्टेडियम के वॉशरूम में बिखरे सीरिंज का वीडियो सामने आया था। इसके बाद स्टेडियम में नाडा के अधिकारियों के होने की खबर फैली और एथलीट्स की संख्या में कमी आ गई।
इस दौरान 100 मीटर मेंस फाइनल में केवल एक एथलीट ललित कुमार ने ही हिस्सा लिया। जूनियर स्टीपलचेस में एक एथलीट तो फिनिश लाइन क्रॉस करने के बाद भी दौड़ती रही। एक अधिकारी ने उसे दौड़कर पकड़ा। जिसके बाद नाडा के अधिकारी डोप टेस्ट के लिए सैंपल न मांग दे इस डर से कई विजेताओं ने मेडल सेरेमनी में हिस्सा ही नहीं लिया। एक सीनियर कोच ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, ट्रैक इवेंट में आठ फाइनलिस्ट थे, लेकिन बुधवार को केवल तीन या चार ही आए। जूनियर स्टीपलचेज इवेंट में एक लड़की फिनिश लाइन पार करने के बाद भी दौड़ती रही। एक डोपिंग नियंत्रण अधिकारी को नमूना लेने के लिए उसके पीछे दौड़ना पड़ा।



मेंस 100 मीटर फाइनल में ललित कुमार अकेले एथलीट थे। उन्होंने बताया कि बाकी के सात स्प्रिंटर ने उन्हें ये कहकर नहीं आए कि वे क्रैंप्स या मांसपेशियों में खिंचाव महसूस कर रहे हैं। ललित कुमार का ये पहला इवेंट था। उनके लिए साथी प्रतिस्पर्धियों का अचानक गायब होना हैरानी भरा था। उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि, मैं वास्तव में सर्वश्रेष्ठ एथलीट्स के खिलाफ दौड़ने का इंतजार कर रहा था। लेकिन कोई भी नहीं आया। हर कोई टेस्ट कराने से डर रहा था। एक एथलीट के तौर पर मैं बहुत आहत और निराश महसूस कर रहा हूं।
बता दें कि, दिल्ली राज्य एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सनी जोशुआ ने कहा कि, कुछ खिलाड़ी तो अपने पदक लेने भी नहीं आए। हमारा काम एथलीट्स और कोच को शिक्षित करना है। लेकिन हम लगातार इस बात पर नजर नहीं रख सकते कि वे अभ्यास के दौरान या हमारी पीठ पीछे क्या कर रहे हैं। एथलेटिक्स में डोपिंग एक बड़ा खतरा है और हम इसके सख्त खिलाफ हैं।

# डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास

**द हेग,27सितंबर2023।** नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है।
ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की।
शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था।




फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था।
शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है।
हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया। शिपर्स ने कहा, मैंने अपने जीवन को पटरी से उतारकर आगे बढ़ने और जो भी आगे आएगा उसे अपनाने का फैसला किया है, लेकिन आप सबके समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद कहे बिना नहीं। यह बिना किसी अफसोस के एक खास यात्रा रही है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत के साथ शुरूआत

**टोकियो,27सितंबर2023।** संगीता कुमारी की हैट्रिक समेत अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपने पहले मैच में सिंगापुर को 13 . 0 से हराया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत का सामना पूल ए के मैच में 34वीं रैंकिंग वाली टीम से था। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के लिये संगीता (23वां, 53वां, 47वां मिनट) ने तीन गोल किये जबकि नवनीत कौर ने 14वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। दीपिका (11वां), सुशीला चानू (आठवां), उदिता (छठा), नेहा (19वां), दीप ग्रेस इक्का (17वां), सलीमा टेटे (35वां), वंदना कटारिया (56वां) और मोनिका (52वां) ने गोल दागे।सिंगापुर की टीम भारतीय गोल पर हमले भी नहीं बोल सकी। भारत को अब 29 सितंबर को मलेशिया से खेलना है।




# 2023 में नेपाल क्रिकेट ने रचे नए इतिहास

**» 20 ओवर में 314 का स्कोर तो 9 गेंदों में 50 रन!**

**हांगझोऊ,27सितंबर2023।**एशियन गेम्स में मेंस क्रिकेट में ग्रूप ए में नेपाल और मंगोलिया के बीच मैच खेला गया। इस टी20 इंटरनेशनल मैच में कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड बने हैं। नेपाल ने मैच में 273 रनों से जीत दर्ज की। मंगोलियाई गेंदबाजों को नेपाल के बल्लेबाजों ने खूब परेशान किया। कुशल मल्ला ने जहां टी20 इंटरनेशनल का सबसे तेज शतक ठोका तो वहीं दिपेंद्र सिंह ऐरी ने सबसे तेज फिफ्टी ठोक डाली।
वहीं कुशल मल्ला ने रोहित शर्मा, डेविड मिल और सुदेश विक्रमशेखर का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा तो वहीं दिपेंद्र ने युवराज सिंह का 16 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला। दिपेंद्र टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज पचासा ठोकने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। 10 गेंदों पर नॉटआउट 52 रन बनाकर लौटे दिपेंद्र ने महज 9 गेंदों पर ही पचासा ठोक दिया था। अपनी 10 गेंदों की पारी में दिपेंद्र ने आठ छक्के लगाए। टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम दर्ज था। जिन्होंने 2007 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों में पचासा ठोका था। ये वही मैच था जब युवराज न स्टुअर्ट ब्रॉड की 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाए थे। टी20 अंतर्राष्ट्रीय में ऐसे ही सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड रोहित शर्मा, डेविड मिलर और विक्रमशेखर के नाम दर्ज था। इन तीनों ने 35-35 गेंदों पर शतक लगाया था।
वहीं नेपाल के कुशल मल्ला ने महज 34 गेंदों में सेंचुरी लगाई। इसके साथ ही कुशल ने इन तीनों दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने 50 गेंदों में आठ चौके और 12 छक्कों की मदद से नॉटआउट 137 रन बनाए।




# न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल होंगे टिम साउदी

**नई दिल्ली,27 सितंबर 2023।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इस सप्ताह के अंत में न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल होंगे। साउदी के दाहिने अंगूठे के फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद उनकी रिकवरी जारी है। 15 सितंबर को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे में क्षेत्ररक्षण करते समय साउथी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई थी, जिसके बाद वह घर लौट आए और विशेषज्ञों से परामर्श किया, जिसके बाद उनके अंगूठे की सर्जरी की गई। 34 वर्षीय खिलाड़ी को अब 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच के लिए पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है।
आकस्मिक स्थिति के रूप में, तेज गेंदबाज काइल जैमीसन भी बांग्लादेश में चल रही एकदिवसीय श्रृंखला के बाद प्रशिक्षण के लिए इस सप्ताह भारत में विश्व कप टीम में शामिल होंगे। जैमीसन आधिकारिक तौर पर विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं होंगे और इसलिए शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ और सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले किसी भी अभ्यास मैच में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।




# फिल्म एनिमल से बॉबी देओल की पहली झलक आई सामने





तेलुगु डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी की आने वाली चर्चित फिल्म एनिमल से एक्टर बॉबी देओल का फर्स्ट लुक शेयर किया गया है, जिसमें उनका विलेन के रूप में काफी खुंखार रूप दिख रहा है। फिल्म एनिमल का टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसके पहले एक्टर्स का लुक शेयर करने का सिलसिला शुरू हो गया है। फिल्म 1 दिसंबर को रिलीज होगी।
इससे पहले रणबीर कपूर, अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना का पोस्टर शेयर किया जा चुका है। तब लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वही, अब बॉबी देओल का क्रूर लुक सामने आया है। नए पोस्टर में बॉबी देओल का उग्र व्यक्तित्व की झलक दिख रही है, जो उन्हें फिल्म के नायक के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बनेगा। इस पोस्टर में बॉबी के धांसू लुक को देख लोग मेकर्स की काफी तारीफ कर रहे हैं।
फिल्म एनिमल के इस नए पोस्टर में बॉबी देओल का चेहरा खून से सना दिख रहा है। एक्टर इसमें इशारे से चुप रहने का संकेत दे रहे हैं। बॉबी के इस क्रूर लुक वाले पोस्टर के कैप्शन में लिखा है-जानवर के हर दुश्मन के अंदर भी एक जानवर छिपा होता है... ये याद रखना बेटा !!!
बॉबी देओल ने फिल्म में जानवर के प्रतिद्वंद्वी/दुश्मन का किरदार निभाया है। इस फिल्म में वे ऐसे चरित्र का प्रतीक है जो उग्र और शांत दोनों है।
फिल्म का टीजर 28 सितंबर को रिलीज होगा।
टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एनिमल से बॉबी का पहला पोस्टर शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एनिमल का दुश्मन।
इससे पहले रणबीर से लेकर अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना का पोस्टर शेयर किया जा चुका है।
फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है, इसकी कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। उनका ये किरदार दर्शकों के मन में लंबे समय तक बना रहेगा।
फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में हैं। उनके साथ रश्मिका मंदाना फीमेल लीड में है। साथ ही अनिल कपूर और बॉबी देओल भी एनिमल में अहम किरदार निभा रहे हैं।
फिल्म के निर्माता भूषण कुमार है। एनिमल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बता दें कि यह फिल्म पहले यह 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी।

# वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आएंगी अभिनेत्री अविका गौर



अभिनेत्री अविका गोर जल्द ही वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आने वाली हैं। अविका ने कहा कि राजू गारी गाधी 3 के निर्देशक ओमकार के साथ फिर से काम करना दिलचस्प रहा। अभिनेत्री ने कहा, निर्देशक ओमकार के साथ दोबारा काम करना बेहद दिलचस्प है। मैंने उनके साथ राजू गारी गाधी 3 में काम किया, इस तेलुगु फिल्?म को काफी सफलता मिली, इसलिए मैं उनके साथ दोबारा काम करके बहुत खुश हूं।
अविका ने कहा, इस प्रोजेक्ट में, उनके पास कई कहानियां और कई एक्शन हैं और उनकी खूबी हॉरर और थ्रिलर है, जिसे वह दर्शकों के सामने ला रहे हैं। मुझे खुशी है कि मुझे तेलुगु बाज़ार में बड़े पैमाने पर किसी चीज का हिस्सा बनने का अवसर मिला है और मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे इस पक्ष की सराहना करेंगे।
सीरीज के पोस्टर के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, हां, पोस्टर बेहद दिलचस्प है क्योंकि आप वास्तव में यह पता नहीं लगा सकते हैं कि मैं अच्छी हूं, बुरी हूं या पीड़िता हूं। यह भ्रमित करने वाला है और मुझे यह पसंद है। मेरा पिछला कोई भी पोस्टर ऐसा नहीं था, इसलिए मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। जल्द ही इसका ट्रेलर जारी किया जाएगा। अविका ओटीटी क्षेत्र में कई फिल्मों, थिएटरों और श्रृंखलाओं पर काम कर रही है।
उन्?होंने कहा, बहुत कुछ हो रहा है, लेकिन मैं इस समय अधिक विवरण साझा नहीं कर सकती। जैसे ही घोषणाएं होनी शुरू होंगी, मैं विवरण साझा करूंगी। मैं इस परिवर्तन को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि एक अभिनेता के रूप में आपको विभिन्न प्लेटफार्मों पर बहुत सारे अवसर मिलते हैं और मुझे खुशी है कि मैं उन्हें एक साथ हासिल करने में सक्षम हूं।
उन्होंने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि मैं लगातार हिंदी और तेलुगु में परियोजनाओं पर काम कर रही हूं और अभी बहुत कुछ आना बाकी है।
छुट्टियों को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान भी मैं डबिंग कर रही थी। मैं शूटिंग के बाद और उससे पहले अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने की कोशिश करती हूं। मैं व्यस्त रहना पसंद करती हूं।




# ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है फिल्म 'एजेंट'

अखिल अक्किनेनी की स्पाई थ्रिलर फिल्म एजेंट का ओटीटी रिलीज कन्फर्म हो चुका है. हालांकि ये फिल्म थिएटर्स पर कुछ खास नहीं कर सकी. लेकिन अब फिल्म के मेकर्स को उम्मीद है कि ओटीटी से फिल्म को कुछ फायदा मिल सकेगा. फिल्म को करीब 80 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट के साथ तैयार किया गया है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप बनकर रह गई. अखिल अकिनेनी और ममूटी स्टारर ये स्पाई थ्रिलर फिल्म महज दस करोड़ रुपये के आसपास का ही रेवेन्यू बटोर सकी और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. हालांकि फिल्म की रिलीज को कई महीनों बाद ओटीटी रिलीज कन्फर्म होने के साथ ही कुछ उम्मीद भी जागी है. इस फिल्म को लेकर ओटीटी व्यूअर्स में काफी चर्चा भी है. हाल ही में सोनीलिव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से इस फिल्म के ओटीटी रिलीज को लेकर जानकारी दी. फिल्म एजेंट को लेकर ट्वीट करते हुए लिखा गया कि इंतजार खत्म हो चुका है, अखिल अकिनेनी और ममूटी स्टारर द एजेंट सोनीलिव पर 29 सितंबर से स्ट्रीम होगी. दरअसल इससे पहले कई बार इस फिल्म का ओटीटी रिलीज पोस्टपोन किया जा चुका है.दरअसल खबरें हैं कि फिल्म के ओटीटी रिलीज के पोस्टपोन होने की वजह मेकर्स का रिलीज से पहले एडिटिंग में व्यस्त होना है. हालांकि एजेंट के प्रोड्यूसर की तरफ से इसे लेकर सफाई भी आई थी और अनिल सुनकरा ने इसके लिए सोनीलिव को जिम्मेदार ठहराया था. इस स्पाई थ्रिलर फिल्म की बात करें तो फिल्म में ममूटी, डिनो मोरिया और साक्षी वैद्य जैसे सितारे दिखाई दिए हैं. फिल्म का काफी हिस्सा विदेशी लोकेशन्स पर शूट किया गया है. साथ ही हैदराबाद और विशाखापट्टनम, मनाली में भी फिल्म की शूटिंग हुई हैं. हालांकि रिलीज के वक्त इस भारी भरकम बजट वाली फिल्म को लेकर काफी चर्चा हुई थी. लेकिन फिल्म ना तो बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत वसूल पाई और ना ही समीक्षकों को संतुष्ट कर सकी.

# महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ी पहल




## स्कूल बस और यात्री बस में लगेंगे जीपीएस और पैनिक बटन

### » मुख्यमंत्री बघेल ने किया निर्भया कमांड और कंट्रोल सेंटर का शुभारंभ

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में यात्री बसों में महिलाओं एवं स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए निर्भया फ्रेमवर्क के अंतर्गत सभी स्कूल बस में पैनिक बटन लगाया जाएगा और व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से गाड़ियो की ट्रैकिंग किया जाएगा।

पैनिक बटन लगने से बस में किसी प्रकार की दुर्घटना, छेड़छाड़ होने पर पैनिक बटन दबाने से तुरंत निर्भाया कमांड सेंटर और पुलिस विभाग के डायल 112 को सूचना मिल जाएगी। इसके साथ ही बसों का लोकेशन, स्पीड आदि का भी पता चलता रहेगा। इससे बसे नियंत्रित गति से चलेगी, जिससे हादसे की आशंका भी कम हो जाएगी। जीपीएस सिस्टम का कंट्रोल रूम डायल 112 के कार्यालय में बनाया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से आज परिवहन विभाग की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसमें महिला सुरक्षा हेतु निर्भया कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (जीपीएस) शामिल है। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था के शुरू होने से जनता को किसी तरह के खतरे तथा अनहोनी से निपटने में काफी सहूलियत होगी। वर्तमान में प्रदेश में कुल 12 हजार बसें संचालित हो रही हैं, जो अलग-अलग रूट से प्रदेश के कोने-कोने तक जा रही हैं। इसी तरह राज्य में लगभग 6000 स्कूल बस भी संचालित है। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस के लगने से बसों की पल-पल की जानकारी मिलेगी। गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि राज्य में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। इस संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत स्कूल बस के रूट में भी मैप रहेगा ताकि स्कूल बस यदि बच्चों को लेकर निर्धारित रूट के अलावा कहीं जाये तो ऑटोमैटिक अलर्ट आ जाये। इसके लिए कंट्रोल रूम में शिफ्ट के हिसाब से चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी जो लगातार सभी बस को मॉनिटर करते रहेंगे और इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस विभाग को सूचित करेंगे।

#### क्या है पैनिक बटन

पैनिकबटन लगने से दुर्घटना या कोई समस्या होने पर बस में सवार यात्री पैनिक बटन को दबाएंगे। बटन के दबते ही पुलिस कंट्रोल रूम व परिवहन कंट्रोल रूम को जानकारी मिलेगी और नजदीकी पुलिस थाने के कर्मचारी तुरंत बस तक पहुंचकर यात्रियों की मदद करेंगे।

दिल्ली में हुए निर्भया प्रकरण के बाद से ही केंद्र सरकार ने महिला सुरक्षा की दिशा में कदम उठाने के लिये निर्देश दिए थे ताकि इस तरह के प्रकरण की पुनरावृत्ति न हो। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में निर्भया फण्ड के अंतर्गत सभी यात्री वाहनो को ट्रैक करने के लिए यात्री वाहनों में जीपीएस लगवा कर व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफ़ार्म के माध्यम से ट्रैकिंग करने का निर्णय लिया गया। व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेर को चिप्स के माध्यम से बनाया गया है और समस्त गाड़ी के लाइव ट्रैकिंग देखने और त्वरित कार्यवाही करने के लिए सिविल लाइंस रायपुर में स्थित डायल 112 भवन में ही कमांड और कंट्रोल सेंटर भी बनाया गया है ।

#### क्या है जीपीएस

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस एक ऐसा उपकरण है, जिसे अगर गाड़ी में फिट कर दिया जाए तो एक निर्धारित सर्वर पर गाड़ी का लोकेशन पता लगाया जा सकता है। जीपीएस सिस्टम लगने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बसों के सही रूट की जानकारी मिल सकेगी। महिला और बच्चों के सुरक्षा के लिए राज्य के सभी स्कूल बस और यात्री बस को पैनिक बटन सुसज्जित जीपीएस के माध्यम से मॉनिटर किया जायेगा। इसके लिए निर्भया कमांड सेंटर बन कर तैयार हो चुका है।



# सुप्रीम कोर्ट में ईडी के खिलाफ दायर याचिका सरकार ने वापस ली

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** चुनाव से पहले पिछले एक साल से लगातार ईडी की कार्रवाई के हलाकान कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पीएमएलए प्रावधानों के खिलाफ दायर याचिका वापस ले ली है।

अपनी रिट याचिका में छत्तीसगढ़ सरकार ने तर्क दिया था कि पीएमएलए का इस्तेमाल गैर-भाजपा राज्य सरकार के सामान्य कामकाज को डराने, परेशान करने और परेशान करने के लिए किया गया था। ईडी की कार्रवाई को बाद दो आईएएस और कई कारोबारी जेल में बंद है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को छत्तीसगढ़ को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन. की खंडपीठ ने राज्य को अनुमति दे दी।

राज्य की दायर याचिका की वापसी न्यायमूर्ति संजय किशन कौल द्वारा खुली अदालत में सूचित किए जाने के एक दिन बाद हुई है कि सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2022 के फैसले की समीक्षा के लिए एक विशेष तीन-न्यायाधीश पीठ का गठन किया है, जिसने पीएमएलए में पेश किए गए संशोधनों को बरकरार रखा था।

# सीजी पीएससी मामला पहुंचा सुप्रीमकोर्ट

### » न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की कोर्ट में 6 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की कोर्ट में 6 अक्टूबर को सुनवाई की तारीख तय हुई है। पहले 27 सितंबर को सुनवाई होनी थी, लेकिन किसी कारणवश सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। यह मामला 2003 की चर्चित भर्ती परीक्षा से जुड़ा है, जिसका रिजल्ट 2005 में जारी हुआ था। इस मामले में हाईकोर्ट के फैसले को एक चयनित ने सुप्रीमा कोर्ट में चुनौती दी है। कुल 166 लोगों को पार्टी बनाया गया है। इनमें राज्य के मुख्य सचिव, पीएससी के सचिव व चेयरमैन के साथ ही चयन सूची में शामिल उम्मीदवार शामिल हैं। इनमें से अधिकांश इस वक्त सरकारी सेवा में हैं। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला अफ़सर चंदन संजय त्रिपाठी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। त्रिपाठी डिप्टी कलेक्टर चयनित हुई थीं।

बता दें कि 2003 की यह भर्ती परीक्षा बेहद चर्चित रही है। इसका रिजल्ट 2005 में जारी हुआ था। चयन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगा। हाईकोर्ट में करीब 6 याचिका दाखिल की गई। इधर, भर्ती में गड़बड़ी को देखते हुए तत्कालन राज्यपाल केएम सेठ ने तब के पीएससी चेयरमैन अशोक दरबारी को पद से हाट दिया। वहीं, राज्य सरकार ने मामले की जांच ईओडब्ल्यू और एसीबी को सौंप दी।

भर्ती के लिखाफ हाईकोर्ट में याचिका




दाखिल करने वालों में वर्षा डोंगरे, चमन सिन्हा और रविंद्र सिंह सहित अन्य शामिल थे। इन लोगों ने आरटीआई के माध्यम से भर्ती की पूरी जानकारी पीएससी से हासिल की। इसमें गलत स्केलिंग कर नीचे के क्रम के उम्मीदवार को ऊपर करने, मानव विज्ञान विषय के दो पेपर को अलग-अलग नियम से जांचकर कुछ लोगों को अधिक नंबर देने का पता चला। इसके आधार पर 2006 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। हाईकोर्ट में करीब 10 वर्ष तक मामला लंबित रहा। जून 2016 में मामले को तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक गुप्ता की एकलपीठ के सामने सुनवाई के लिए रखा गया। कोर्ट ने पीएससी को मानव विज्ञान के दोनों पेपरों की एक नियम बनाकर कोर्ट की निगरानी में जांच करने, इसके आधार पर रिस्केलिंग कर नई मैरिट सूची तैयार कर अभ्यार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन सूची जारी करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही चयनित होने वाले नए उम्मीदवार को 2003 से वरिष्ठता का लाभ देते और अपात्र होने वाले चयनित उम्मीदवार को बाहर करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के इसी फैसले को चंदन संजय त्रिपाठी ने 2016 में ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जहां सुप्रीमा कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया, तब से मामला लंबित है।

इस भर्ती में हुई गड़बड़ी की जांच की जिम्मेदारी तत्कालीन सरकार ने ईओडब्ल्यू को सौंपी थी। इंस्पेक्टर एसके सेन ने इसकी जांच की और 31 दिसंबर 2011 को अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंप दी। इस जांच में गड़बड़ी की बात सही पाई गई है। रिपोर्ट में इसके लिए तीन लोगों को जिम्मेदार बताया गया है। इसमें पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन अशोक दरबारी, परीक्षा नियंत्रक बीपी कश्यप और अनुभाग अधिकारी लोमेस कुमार मदरिया का नाम शामिल हैं।

# ट्रेन यात्रियों को नहीं लगना होगा कतार में

### » खुद ही मशीन से निकाल सकेंगे टिकट

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सफर के दौरान अपने यात्रियों की हर छोटी जरूरत और परेशानी का बड़ी बारीकी से ध्यान रखती है । इसी तारतम्य में रेलवे स्टेशनों पर नई ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाया गया है. इससे रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी फायदा हो रहा है । इन मशीनों से उन्हें जल्दी टिकट मिल सकेगा, जिससे अब स्टेशनों पर लगने वाली टिकट की लाइन का झंझट भी खत्म हो गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 55 प्रमुख स्टेशनों पर 88 एटीवीएम स्थापित किया गया है। इसमे बिलासपुर मण्डल के 19 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, रायपुर मण्डल के 13 स्टेशनों पर 19 एटीवीएम,नागपुर मण्डल के 23 स्टेशनों पर 30 एटीवीएम मशीनों की व्यवस्था की गई है। इन स्टेशनों में बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, शहडोल, कोरबा, अनूपपुर, अकलतरा,नैला, पेंड्रा रोड, खरसिया, उमरिया, कोतमा, शक्ति, बुढ़ार, बाराद्वार, अंबिकापुर,



ब्रजराजनगर, बेलपहाड़ ,उसलापुर, करगी रोड, गोंदिया, इतवारी, राजनांदगांव, छिंदवाड़ा, बालाघाट, भंडारा रोड, डोंगरगढ़, कामठी, तुमसर रोड, वडसा, आमगांव, तिरोड़ा, चंदा फोर्ट, अर्जुनी, ब्रह्मपुरी, वारासिवनी, बिरसोला, मूल मरोड़ा, सौंदड़, नागभीड़, कटंगी, नैनपुर, घंसौर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस,भाटापारा,तिल्दा, निपनिया, हथबंद, बिल्हा, दल्ली राजहरा, भिलाई नगर, बालोद, मरोड़ा सम्मिलित हैं ।

एटीवीएम मशीन से टिकट निकालने का तरीका एटीवीएम से टिकट खरीदने के लिए सबसे पहले जिस स्टेशन की टिकट खरीदनी है, उस स्टेशन को मैप या उसका नाम लिखकर भी चुना जा सकता है । स्टेशन चुनने के बाद ट्रेन के जिस क्लास में सफर करना है, उस क्लास को चुनना होगा । इसके बाद टिकट का किराया देना होगा । जिसके लिए स्क्रीन पर तीन ऑप्शन दिखाई देंगे । यूपीआई और कैश से भी टिकट की पेमेंट किया जा सकता है । अगर स्मार्ट कार्ड से टिकट लिया जाना है तो स्मार्ट कार्ड का ऑप्शन चुनकर मशीन पर कार्ड रखने वाले सेंसर पर अपना कार्ड रखना होगा । जिसके बाद मशीन आपके कार्ड से खुद किराये का पैसा काट लेगी । कार्ड से पैसा कटने के बाद मशीन से प्रिंटेड टिकट निकलकर बाहर आ जाएगी । यात्रियों को भुगतान के लिए आर-वॉलेट का उपयोग करने पर 3 फीसदी बोनस का लाभ मिलेगा ।

इस मशीन की खासियत यह है कि इससे रेल यात्री टिकट काउंटर पर लगी भीड़ भाड़ से बचते हुए ऑनलाइन पेमेंट कर के अनारक्षित टिकट को काटकर यात्रा कर सकेंगे। इतना ही नहीं प्रतिदिन लोकल यात्रा करने वाले यात्री अपने एमएसटी रिनुयल भी कर सकते हैं । सुविधा के शुरू होने से यात्रियों को भीड़ से छुटकारा मिल रहा है तथा उन्हें तेजी से टिकट भी मिल रहा है । नई एटीवीएम मशीन यात्रियों के अनुकूल बनाई है । इन मशीनों में इंटरफेस और सरल प्रक्रिया को शामिल किया गया है । जिससे सामान्य व्यक्ति भी इसका उपयोग आसानी से कर सके. एटीवीएम का उपयोग अनारक्षित और प्लेटफार्म टिकट दोनों को खरीदने के लिए होगा । आर-वॉलेट के उपयोग पर बोनस दैनिक यात्री एटीवीएम पर अपने महीने और तिमाही टिकटों को रिन्यूअल करा सकते है । यात्री रेलवे स्मार्ट कार्ड और क्यूआर कोड-यूपीआई आधारित भुगतान सुविधा का उपयोग करके टिकट खरीद सकते है ।

## सीएम भूपेश बघेल किसानों को आज देंगे किसान न्याय योजना की राशि



**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि का अंतरण कल किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस फैसले से किसानों को बड़ी राहत मिलने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार बता दे कि 1 नवम्बर को मिलने वाली किसान न्याय योजना की किस्त कल जारी होगी। बताया जा रहा है कि आचार संहिता से पहले राशि जारी की जा रही है। 24 लाख से ज्यादा किसानों को ये राशि मिलेगी। इसके साथ ही कल मजदूर न्याय योजना की राशि भी जारी की जाएगी। भाटापारा में कल राज्य सरकार का सम्मेलन होने वाला है, जिसमें एआईसीसी चीफ मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे। इस सम्मेलन में सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी प्रभारी कुमारी सैलजा, दीपक बैज और सभी मंत्री भी शामिल होंगे।

## माना एयरपोर्ट पर फिर से टैक्सी बुकिंग एजेंट युवतियों ने की मारपीट

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** राजधानी रायपुर के माना एयरपोर्ट पर ट्रेवल्स संचालकों की युवतियों ने एक बार फिर मारपीट की। इन युवतियों और टैक्सी चालकों के बीच



जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट के वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ मारपीट,गाली गलौज समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।वीडियो एक दिन पहले का बताया जा रहा है। बता दें कि इससे पहले भी दो ट्रेवल एजेंसियों की युवतियां, पैसेंजर बुकिंग के लिए झगड़ती थी। और अब वह ,अन्य टैक्सी संचालकों से भी विवाद, और मारपीट करने लगी हैं। इनके खिलाफ थाने में मामले भी दर्ज हैं।

## रायपुर में अनोखा प्रदर्शन

### » नकली वाले कर रहे नौकरी,असली वाले को खाने के लाले पड़े

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** बैसाखी और ट्राई सायकल के सहारे दिव्यांग संघ ने पैदल मार्च निकाला। दिव्यांग संघ ने छत्तीसगढ़ के मुंगेली, बिलासपुर और रायपुर जिलों में प्रदर्शन किया।



राजधानी रायपुर में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट घोटाला को लेकर छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि, फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे कई लोग नौकरी कर रहे हैं और योग्य होने के बावजूद वह इस नौकरी से वंचित हैं। वहीं सीएम हाउस का घेराव करने निकले दिव्यांग संघ को पुलिस ने गौरव पथ पर रोका। दिव्यांग संघ का कहना है कि, पहले भी इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डॉक्टर्स भी फर्जी प्रमाण पत्र बना रहे हैं।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पेश की मानवता की मिसाल

### » कार्यक्रम रोककर जाम में फंसे एंबुलेंस को ट्रेफिक से निकलवाया, खूब हो रही चर्चा

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अक्सर अपने प्रोटोकाल से इतर लोगों से मिलने के लिए रूक जाते हैं और बच्चों के प्रति उनके स्नेह से सभी वाकिफ हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मानवीयता से भरा एक और चेहरा देखने को मिला। दरअसल तात्यापारा के नवीन मार्केट में लोक निर्माण विभाग के



भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ने मंच से देखा कि एक एंबुलेंस वाहनों के जाम में फंस गयी है और उसे निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है। जैसे ही मुख्यमंत्री की नजर एंबुलेंस पर पड़ी उन्होंने अपने प्रोटोकाल के विपरीत जाकर तुरंत ही कार्यक्रम को रोकने का इशारा किया और खुद ही अपनी कुर्सी छोड़कर एंबुलेंस को रास्ता देने की अपील करने लगे। मुख्यमंत्री के खड़े होने के बाद तुरंत ही वाहनों ने एंबुलेंस को रास्ता दिया इसके बाद मुख्यमंत्री वापस अपनी कुर्सी पर बैठे और कार्यक्रम शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के इस मानवीय पहल से वहां उपस्थित हर किसी ने उनकी जमकर तारीफ की और मुख्यमंत्री के सहृदयता की खूब सराहना भी की।

## नाबालिग को बंधक बनाकर मारपीट

### वीडियो वायरल होते ही कार्रवाई,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** राजधानी के डी. डी. नगर इलाके में एक नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की गई है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने आरोपी की खोजबीन शुरु की और इस



घटना के मुख्य आरोपी नारायण यादव (टीपू) , दिनेश विश्वकर्मा और ईश्वर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी डंपी फिलहाल फरार है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पूरा मामला रायपुर के डी. डी. नगर का है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा मारपीट के मामले में भी परिजनों की शिकायत के आधार पर अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि नारायण यादव आदतन अपराधी है। इसके पहले भी वाह 2 महीने के लिए जेल जा चुका था। 10 दिन पहले ही कोर्ट से जमानत पर वाह बाहर आया था और बाहर आते ही एक और घटना को अंजाम दिया है।

# रायपुर स्मार्ट सिटी लि.के बीपी पुजारी स्कूल व नालंदा प्रोजेक्ट को मिला अवार्ड



**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामय उपस्थिति में बुधवार को इंदौर में आयोजित आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के स्वामी बी.पी. पुजारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रोजेक्ट को सामाजिक सरोकार की श्रेणी में एवं डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर योजना को उत्कृष्ट नवाचार श्रेणी में सम्मानित किया गया है।

सात वर्षों में यह पहला अवसर है। जब रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रोजेक्ट को प्रतिष्ठित इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव अवार्ड में सम्मानित किया गया है। इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस भव्य स्मार्ट सिटी प्रदर्शनी में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के हाथों रायपुर के महापौर एजाज़ ढेबर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी टीम को बधाई दी है।

राष्ट्रपति ने इस दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी सहित सभी चयनित शहरों के नवाचारों के मॉडल की प्रदर्शनी का भी अवलोकन भ्रमण किया। राष्ट्रपति व आगंतुक अतिथियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे युवाओं के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रोजेक्ट डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर में 24ङ्7 अध्ययन की विश्व स्तरीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली व इस प्रोजेक्ट की सराहना की।

## थाना कुआकोण्डा क्षेत्र से एक माओवादी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा/बचेली,27 सितम्बर 2023(ए)।** थाना कुआकोण्डा क्षेत्र से एक माओवादी को गिरफ्तार किया है. जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् दिनांक 26.09.2023 के दरिम्यानी रात्रि यूआईसी 231 वीं वाहिनी सीआरपीएफ की आसूचना पर जिला दन्तेवाड़ा से डीआरजी, बस्तर फाईटर्स, मुख्यालय 231 वीं बटालियन क्यूएटी टीम एवं थाना कुआकोण्डा का संयुक्त बल ग्राम फुलपाड़ कोयलानपारा एवं डोमारपारा के जंगल/पहाड़ी की ओर नक्सल गश्त, सर्चिंग हेतु रवाना हुये थे.



नक्सल गश्त, सर्चिंग के दौरान ग्राम फुलपाड़ डोमारपारा के जंगल/पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर 01 संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगा। जिसे पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकडे गये संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम लिंगा लेकाम पिता स्व0 देवा लेकाम उम्र लगभग 24 वर्ष जाति माड़िया निवासी फुलपाड़ डोमारपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा फुलपाड़ सीएनएम सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। उपरोक्त माओवादी के विरूद्ध थाना कुआकोण्डा में अप. क्र.-23/2016 धारा 147, 148, 149, 456, 365, 346, 386, 307 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट पूर्व से पंजीबद्ध होने से उक्त माओवादी को आज दिनांक 27.09.2023 को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अमित शाह का आज राजधानी आगमन



### उम्मीदवारों के नामों पर होगी चर्चा

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय नेताओं के छत्तीसगढ़ आने का सिलसिला लगातार जारी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह फिर 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। शाह राजस्थान से सीधे रायपुर आएंगे और भाजपा कार्यालय में विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक लेंगे। चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर भी चर्चा की जाएगी।

## मस्ती बना सरदर्द

**रायपुर,27 सितम्बर 2023(ए)।** रायपुर में चलती कार की छत पर बैठकर युवक का स्टंट करने का वीडियो सामने आया है। नागपुर-कोलकाता नेशनल हाईवे पर मंगलवार रात करीब 1 बजे कार में मस्ती करते हुए युवक पचपेड़ी नाका की तरफ जा रहा था, इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस खबर के बाद रायपुर आईजी ने गाड़ी सीज करने के साथ एफआईआर के निर्देश दिए हैं। स्टंटबाज युवक तेज रफ्तार कार के ऊपर बैठकर बीच-बीच में बैलेंस बनाते दिखा। जब कार टर्निंग के पास आई तो वो उसका बैलेंस बिगड़ा, लेकिन वो कार को पकड़कर संभल जाता। कार के अंदर कुछ और युवक भी मौजूद थे। वे सभी मौज-मस्ती के मूड में दिख रहे थे। ऐसे जानलेवा स्टंटबाजी के मामले को लेकर रायपुर रेंज आईजी रतनलाल डांगी ने पुलिस को सीधे एफआईआर के निर्देश दिए हैं। ऐसे मामलों में आरोपी की गाड़ी को सीज किया जाएगा। पहले ऐसे मामलों में स्टंटबाजों के खिलाफ केवल चालानी कार्रवाई कर पुलिस इन्हें छोड़ देती थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)